

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, गुरुवार, 9 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 10- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 124 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ महिलाओं की भूमिका

बेटे की लवयापा हिट हुई तो स्मोकिंग छोड़ देंगे आमिर खान ◂◂ 6


# सक्रिय राजनीति में लौटेंगे रघुबर दास कल बीजेपी में होंगे शामिल

## ओडिशा के राज्यपाल पद से दिया था इस्तीफा

संवाददाता

**रांची:** ओडिशा के राज्यपाल का पद छोड़ने के बाद रघुबर दास फिर से भाजपा में शामिल होने और लोगों की सेवा करने के लिए तैयार हैं। 10 जनवरी, शुक्रवार को वह रांची स्थित झारखंड बीजेपी प्रदेश कार्यालय में दोबारा बीजेपी की सदस्यता लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री को फिर से पार्टी में लौटने पर अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य रघुवर दास, जिन्होंने 1980 में मुंबई में पार्टी के पहले सम्मेलन में भाग लिया था, ने पार्टी की स्थापना से लेकर अब तक पार्टी की विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है।

श्री दास ने पार्टी के निचले स्तर से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाया। पार्टी के आदेश पर उन्होंने ओडिशा के राज्यपाल के रूप में कार्य किया और उस जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अब, ओडिशा के राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के बाद, रघुबर दास ने फिर से पार्टी में शामिल होकर स्वेच्छा से लोगों की सेवा करने का फैसला किया है।



काफी समय से ऐसी उम्मीद की जा रही थी कि वह ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद सक्रिय राजनीति में वापसी करेंगे। झारखंड चुनाव से पहले भी इस बात की अटकलें थी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। इससे पहले 11 सितंबर को दास ने एक्स और फेसबुक पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की प्रोफाइल तस्वीर का रंग बदल दिया था, जिससे एक बार फिर झारखंड की राजनीति में उनकी वापसी की अटकलें तेज हो गई थीं।

दिलचस्प बात यह है कि दास ने कुछ समय के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर का फ्रेम बदलकर हरा और केसरिया कर लिया था, लेकिन जैसे ही यह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, इसे पहले वाली तस्वीर से बदल दिया गया। राजनीतिक हलकों में यह काफी हद तक माना जा रहा था कि दास हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में अपनी पुरानी सीट जमशेदपुर पूर्व से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन कुछ अज्ञात कारणों से यह विचार स्थगित कर दिया गया और उनकी बहू को वहां से मैदान में उतारा गया।

दास के करीबी सूत्रों ने दावा किया कि गवर्नर पद पर बने रहना दास के राजनीतिक करियर के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पद छोड़ने और सक्रिय राजनीति में लौटने की इच्छा व्यक्त की। हालांकि, बीजेपी नेतृत्व की ओर से उन्हें क्या भूमिका दी जाएगी, इस बारे में अभी भी अस्पष्टता बनी हुई है। ऐसी अटकलें हैं कि वह राज्य इकाई को फिर से जीवंत करने के लिए झारखंड भाजपा में लौट सकते हैं, जो विधानसभा चुनावों में अपमानजनक हार के बाद से संघर्ष कर रही है।

# झारखंड में आज 1.28 रुपए महंगा हुआ पेट्रोल



**रांची:** झारखंड में पेट्रोल महंगा हो गया है। 9 जनवरी को तेल कंपनियों ने पेट्रोल के जो दाम जारी किए हैं, उसके मुताबिक, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 1.28 रुपए बढ़ गई है। आज के दिन में पेट्रोल की कीमत में यह सबसे बड़ी वृद्धि है। झारखंड के अन्य 7 जिलों में भी पेट्रोल के दाम बढ़े हैं। बोकारो, धनबाद, दुमका, हजारीबाग, खूंटी, कोडरमा और पाकुड़ में भी पेट्रोल महंगा हुआ है। चतरा, देवघर, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां जिले में पेट्रोल की कीमतों में गिरावट भी आई है। जामताड़ा में पेट्रोल 2 पैसे प्रति लीटर सस्ता हुआ है, तो गिरिडीह में 48 पैसे।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**सुकमा:** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बृस्पतिवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उक्त जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा पर स्थित जंगल में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल रोधी अभियान पर निकली थी।


उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, विशेष कार्य बल और कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई- कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) के जवान शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि रुक-रुक कर गोलीबारी अब भी जारी है। मामले की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल सकी है।

## बस की चपेट में आने से बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली:** कर्नाटक के रामनगर में कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना रामनगर और कनकपुरा के बीच अचलू गांव में हुई। मोटरसाइकिल चालक अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कनकपुरा से रामनगर जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रही केएसआरटीसी बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दुर्घटना हो गई।

# हैवानियत की हदें पार, हाथ, पैर और मुंह बांधकर 40 कुत्तों को 40 फीट ऊंचे पुल से फेंका, 21 की मौत



**नई दिल्ली:** हैदराबाद में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिसने सभी के रौंगटे खड़े कर दिए। जहां करीब 40 कुत्तों को 40 फीट ऊंचे एक पुल से नीचे फेंका गया। जिसमें 21 कुत्तों की मौत हो गई और 11 कुत्ते बुरी तरह से घायल हैं।

पुल से फेंके गए सारे कुत्तों के हाथ-पैर बांध दिए गए थे। साथ ही उनके मुंह भी बंधे हुए थे, जिससे किसी का उन पर ध्यान न जाए। 4 जनवरी को सिटीजन फॉर एनिमल्स नामक एक पशु कल्याण संगठन को इसकी जानकारी मिली। संगठन के वॉलंटियर्स जब मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। सभी ने हैदराबाद के इंद्रकरन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि कुत्तों को नजदीकी पुल से नीचे फेंका गया होगा। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं की जा सकी है। मृतक कुत्तों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही इस मामले पर कुछ कहा जा सकता है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अपराधियों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। सिटीजन फॉर एनिमल्स के वॉलंटियर्स का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद जब वो मौके पर पहुंचे तो कई कुत्तों का मौत हो चुकी थी और उनकी लाशें पानी में तैर रही थीं। उनके शवों में कीड़े पड़े थे और वो बुरी तरह से सड़कर बदबू कर रहे थे। वहीं घायल कुत्ते भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे।

## मप्र : उच्च सुरक्षा वाले भोपाल सेंट्रल जेल में मिला चीन निर्मित ड्रोन, जांच जारी

**भोपाल:** उच्च सुरक्षा वाली भोपाल सेंट्रल जेल के अंदर चीन निर्मित ड्रोन मिला है, जिसके बाद अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।



जेल अधीक्षक राकेश कुमार बांगरे ने बताया कि जेल के अंदर बी-ब्लॉक बिल्डिंग के पास एक गार्ड ने दोपहर में 3.30 से 4 बजे के बीच काले रंग का ड्रोन देखा। करीब 30 से 40 ग्राम वजन का यह ड्रोन चार्ज अवस्था में था।

उन्होंने कहा कि किसी ने भी ड्रोन को जेल परिसर में उतरते नहीं देखा। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि यह मानव रहित हवाई उपकरण बच्चों का हो सकता है, जो जेल के पास इसके साथ खेल रहे थे।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 151 एकड़ में फैली जेल में 2,600 कैदियों की क्षमता के मुकाबले 3,600 कैदी हैं। बांगरे ने बताया कि इनमें प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़े 32 कैदी शामिल हैं, जो जेल के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में बंद हैं। उन्होंने कहा, हमने ड्रोन को गांधी नगर पुलिस को सौंप दिया है। उन्होंने चीन निर्मित ड्रोन की बरामदगी की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अधिक जानकारी के लिए भोपाल के पुलिस आयुक्त एचसी मिश्रा से संपर्क नहीं किया जा सका।

भोपाल सेंट्रल जेल नवंबर 2016 में चर्चा में आया था, जब सिमी से जुड़े आठ विचाराधीन कैदी जेल गार्ड की हत्या कर भाग गए थे। भोपाल के बाहरी इलाके में सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने के बाद पुलिस ने उन्हें मार गिराया था।

# संभल में 1978 को हुए दंगे की फिर से खुलेगी फाइल, प्रदेश सरकार ने सात दिनों में मांगी रिपोर्ट

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में 1978 में हुए दंगे की फाइल फिर से खुलेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदेश सरकार ने सात दिनों में रिपोर्ट मांगी है। संभल प्रशासन और पुलिस मामले की जांच करेंगे। बता दें कि दिसंबर 2024 में विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल दंगे पर वक्तव्य दिया। इसके बाद से इस दिशा में काम तेज हो गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिसंबर को विधानसभा में कहा था कि 1947 से लेकर अभी तक संभल में 209 हिंदुओं की जान दंगों के चलते गई है। संभल में 29 मार्च 1978 को दंगे के दौरान आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस घटना में कई हिंदू मारे गए थे। भय के चलते 40 रस्तोगी परिवारों को घर छोड़कर भागना पड़ा। पलायन के गवाह अभी मौजूद हैं। मंदिर में कोई पूजा करने वाला बचा नहीं था। घटना के 46 साल बाद अभी तक किसी को सजा तक नहीं मिली। प्रशासन और स्थानीय लोगों की सक्रियता से 46 साल से बंद मंदिर के पट खुले। इसके बाद से अधिकारी संभल दंगों से जुड़ी फाइलों को खंगालने लगे थे।



> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिसंबर को विधानसभा में कहा था कि 1947 से लेकर अभी तक संभल में 209 हिंदुओं की जान दंगों के चलते गई है। संभल में 29 मार्च 1978 को दंगे के दौरान आगजनी की घटनाएं हुई थीं।

**संभल में दो महीने लगा था कर्फ्यू:** संभल में वर्ष 1978 का दंगा 29 मार्च को हुआ था। इस दंगे में शहर जल उठा था। हालात को संभालने के लिए प्रशासन ने कर्फ्यू लगा दिया था। फिर भी शहर में दोनों समुदायों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। ऐसी स्थिति में कर्फ्यू का अंतराल बढ़ता गया। संभल में दो महीने तक तक कर्फ्यू लगा रहा।

**दुकान बंद कराने के दौरान बवाल ने ले लिया था दंगे का रूप :** वर्ष 1976 में संभल में मस्जिद के इमाम की हत्या के बाद बवाल हो गया था। उस वक्त प्रशासन ने हालात काबू कर लिया था। लेकिन शहर में तनाव बरकरार था। राजनीतिक महत्वकांक्षी को लेकर मुस्लिम लीग के एक नेता ने बाजार में दुकानों को बंद करना शुरू किया था। दूसरे समुदाय के व्यापारियों ने इसका विरोध किया। मारपीट के हालात बनने पर नेता के साथी उन्हें छोड़कर मौके से भाग निकले। इन्हीं साथियों ने नेता के मारे जाने की अफवाह फैला दी। इसके बाद दंगा भड़क गया। दुकानों में लूटपाट, पथराव, आगजनी शुरू हो गई। देखते ही देखते पूरा शहर जल उठा था। दंगे में दर्ज हुई थीं 169 एफआईआर। जानकार बताते हैं दंगे में कई लोग मारे गए थे। इस दंगे में करीब 169 मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसमें तीन एफआईआर पुलिस की ओर से दर्ज कराई गई थीं।

# महाकुंभ का शुभारंभ 13 जनवरी से, पहला शाही स्नान 14 को

**प्रयागराज:** महाकुंभ 2025 का शुभारंभ 13 जनवरी 2025 को होगा, जबकि इसका समापन 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के दिन होगा। महाकुंभ के पहले शाही स्नान की तिथि को जानने को लेकर श्रद्धालुओं में जिज्ञासा है। इंटरनेट पर सर्च करने पर तिथियों के मामले में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, कोई 13 जनवरी को पहला शाही स्नान बता रहा तो कोई 14 जनवरी को।

आपको बता दें कि प्रयागराज में आयोजित इस बार के महाकुंभ का शुभारंभ 13 जनवरी को होगा, लेकिन पहला शाही स्नान 14 जनवरी को होगा। इस बार के कुंभ में तीन शाही स्नान होंगे और इसके अतिरिक्त तीन ऐसी तिथियां होंगी जिन पर स्नान करना भी काफी शुभ माना जाएगा।



**स्नान और शाही स्नान की तिथियां**

**13 जनवरी (सोमवार)-** स्नान, पौष पूर्णिमा

**14 जनवरी (मंगलवार)-** शाही स्नान, मकर सक्रांति

**29 जनवरी (बुधवार)-** शाही स्नान, मौनी अमावस्या

**3 फरवरी (सोमवार)-** शाही स्नान, बसंत पंचमी

**12 फरवरी (बुधवार)-** स्नान, माघी पूर्णिमा

**26 फरवरी (बुधवार)-** स्नान, महाशिवरात्रि

महाकुंभ हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव है। इसे कुंभ मेला भी कहा जाता है, महाकुंभ का आयोजन 12 वर्षों में किया जाता है। जहां पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। यह उत्सव भारत की चार पवित्र नदियों और चार तीर्थ स्थानों पर ही आयोजित होता है। महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज के संगम , हरिद्वार में गंगा नदी, उज्जैन में शिप्रा नदी, और नासिक में गोदावरी नदी पर किया जाता है। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन हो रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## 61 एकड़ में लगी अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**खूंटी :** पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार को 61 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इसमें खूंटी थाना क्षेत्र के ग्राम नयलडीह में चार, मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम जुरमू व रूबुआबीरडीह में 15, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरदाग में आठ, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर बारुबेड़ा में 22 और सायको थाना क्षेत्र के ग्राम आयूबहातु में 12 एकड़ शामिल है।

## उग्रवादियों ने क्रशर साइट में मजदूर के साथ की मारपीट, वाहनों में की आगजनी



**रांची :** उग्रवादियों ने क्रशर साइट में मजदूर के साथ मारपीट की और वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यह घटना बुधवार की देर रात जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित गुंजा गांव में हुई है। जहां 10 की संख्या में आये टीपीसी उग्रवादियों ने एनपीईएल कंपनी के क्रशर में काम कर रहे मजदूर के साथ मारपीट की। वहीं दूसरी तरफ एक हाइवा तथा एक पोकलेन मशीन में आग लगा दी। सभी के पास छोटे हथियार थे। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को टीपीसी उग्रवादियों ने ही अंजाम दिया है या फिर किसी आपराधिक संगठनों ने, इसकी जांच की जा रही है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर पकड़ा



**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस द्वारा गश्ती के दौरान रांची पुरुलिया मुख्य सड़क मार्ग पर कोचाजारा रामडेरा के समीप दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पकड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है पुलिस उक्त ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लायी है। वही बताया जाता है की पुलिस द्वारा अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को पकड़े जाने की सूचना मिलते ही पीछे से आ रहे कई ट्रैक्टर चालकों ने जहां तहां बालू गिरा दिया और भाग गये । कुछ ने ट्रैक्टरों को आसपास की झाड़ियों में छुपा दिया। पकड़े गए ट्रैक्टर का मालिक बूढाम और लोटा निवासी बताया जाता है। बतातें चलें की मुख्यमंत्री का नदियों से अवैध बालू उठाव पर रोक का सख्त निर्देश के बावजूद राढू और सुवर्ण रेखा नदी के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव और ढूलाई बिना किसी रोक टोक का जारी है।

## लोवादाग में लगा जनता दरबार



**मुरी :** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिल्ली एवं अंचल अधिकारी, सिल्ली द्वारा प्रखण्ड के अति सुदूर, पहाड़ी से घिरे एवं हाथी प्रभावित ग्राम धरमपुर, पंचायत लोवादाग में जनता दरबार का कार्यक्रम किया गया'जनता दरबार कार्यक्रम में आम जनता के समस्याओं को सुना गया तथा योजनाओं जैसे - पेंशन योजना,आवास, मईया योजना, मनरेगा, 15 वे वित्त , पी एम किसान, जमीन संबंधित, पेयजल एवं स्वच्छता का त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

## कांग्रेस नेता रामकिशुन रविदास ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**गोमिया :** कड़ाके की ठंड को देखते हुए कांग्रेस पार्टी बोकारो जिला महासचिव रामकिशुन रविदास ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पूर्वी पंचायत के हरिजन टोला स्थित अपने आवास पर बुधवार को गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगो के बीच दर्जनों कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों ने खुशी जाहिर की। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर रामकिशुन रविदास ने कहा कि इन दिनों भीषण ठंड से आम लोग परेशान हैं। खासकर गरीब व असहाय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी ठंड व शीतलहरी के कारण कई राहगीरों को भी ठिठुरते हुए देखा जाता है। इस दौरान उन्होंने गोमिया अंचलाधिकारी से क्षेत्र के सभी चौक चौराहों में ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपायुक्त ने की महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन (सीएस) डा। एबी प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूडी) डॉ सुमन गुप्ता, सभी प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी), सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने क्रमवार गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन/एएनसी जांच, हेमोग्लोबिन जांच, कैल्सियम, अल्मेंडाजोल, फोलिक एसिड की दवाओं के वितरण, पोस्टमार्टम चेकअप, फैमली प्लानिंग, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत मां और बच्चों का उचित देखभाल भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने को लेकर नावाडीह, कसमार एवं गोमिया प्रखंड के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीएम) एवं योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन/प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर निगरानी/अपने स्तर पर समीक्षा बैठक नहीं करने/क्षेत्र भ्रमण नहीं करने



को लेकर सिविल सर्जन एवं डीपीएम से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। वहीं, अगले आदेश तक के लिए सभी संबंधितों का वेतन स्थगित करने को कहा। उपायुक्त ने सभी को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने को कहा। उन्होंने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने प्रखंड मुख्यालय में ही आवासन करने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एमओआइसी को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की निगरानी करते हुए लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन करने, उनका सही समय पर एएनसी जांच करने, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एएनसी कीट का इस्तेमाल करते हुए नियमित जांच करने, संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए निर्धारित मानक अनुरूप प्रदर्शन करने को कहा। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय करते हुए कसमार, नावाडीह एवं गोमिया प्रखंड में अभियान चलाकर विशेष कैंप का आयोजन करने को कहा। वहीं, डीएसडल्ब्यूओ, संबंधित एमओआइसी, डीपीएम - आइईसी इंचार्ज को शिविर में शामिल होने को कहा। समीक्षा क्रम में जिला समन्वयक एवं आइईसी इंचार्ज द्वारा विभाग के संचालित योजनाओं का सही ढंग से प्रचार- प्रसार नहीं करने, कार्य - दायित्व में दिलचस्पी नहीं लेने को लेकर स्पष्टीकरण पूछने एवं अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में गर्भवती महिलाओं को निजी क्लिनिकों में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर हुए एमओयू का व्यापक प्रचार - प्रसार करने को कहा। साथ ही, निजी क्लिनिक द्वारा प्रतिदिन कितने ऐसे गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया, उसका प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे। परिवार नियोजन के दिशा में भी लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। वहीं, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत अस्पताल में इलाजरत महिलाओं को नास्ता - भोजन, अस्पताल आने और जाने के लिए खर्च उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए सभी एमओआइसी को बीडीओ के साथ समन्वय करते हुए व्यवस्था करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए जरूरी दिशा- निर्देश दिया। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तहत सभी संचालित योजनाओं में जिले का प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर कहा।

## प्री-बोर्ड में छात्रों की उपस्थिति कम होने को लेकर डीईओ ने जिले के 28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से मांगा स्पष्टीकरण



मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार कक्षा 10 के छात्र - छात्राओं के लिए 07 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्री-बोर्ड परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम होने को लेकर संबंधित 28 मध्य विद्यालय एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने जारी पत्र में कहा है कि जिला स्तरीय प्रि-बोर्ड परीक्षा के संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों /प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेशित किया गया था। परीक्षा विषय में बच्चों को सूचित करने एवं शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया था। इस संबंध में दिनांक 06। 01।2025 को सभी प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापक साथ ऑन लाईन बैठक करते हुए आवश्यक दिशा झ निर्देश भी दिया गया था। बावजूद, दिनांक 07।01।2025 को आयोजित प्रि-बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जिले के 28 विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत एवं उससे कम पाई गई है। कसमार प्रखण्ड में कुल 11 में से 05 विद्यालयों में उपस्थिति कम पाई गई जो कि अत्यनत ही खेदजनक है। इस बाबत विभिन्न अखबारों में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया है। डीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों से पूछा है कि किस परिस्थिति में आपके विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम हुई ? छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आपके द्वारा क्या प्रयास किया गया। उन्होंने *पत्र प्राप्ति के 03 दिनों के अंदर कार्यालय को जवाब उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेंगे, अन्यथा अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान चित्रगुप्त की पूजा संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 6 स्थित साईं मंदिर परिसर में भगवान चित्रगुप्त की विधि विधान से पूजा की गई। जिसमें कायस्थ महापरिवार के दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्यअतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक ( नगर सेवाएं ) कुन्दन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जैप कमांडेंट (आईपीएस) मुकेश कुमार और ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा शामिल हुए। पूजा के दौरान चित्रगुप्त मंदिर कमिटी के अध्यक्ष संजय कुमार, महासचिव अनल कुमार एवं संयोजक राकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इस मौके पर कुंदन कुमार, संजय कुमार एवं मुकेश कुमार ने एक स्वर में कहा कि कायस्थ परिवार के सक्षम लोगों को अपने समाज के पिछड़े हुए लोगों को मदद करने की आवश्यकता है। चित्रांश परिवार की गरीब लड़कियों की शादी कराने में सहयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज के गरीब परिवारों के बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था में हाथ बंटाने की आवश्यकता है। पूजा के उपरांत ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कुंदन कुमार, संजय कुमार और मुकेश कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मान किया।पूजा में शामिल चित्रांशों में गुंजीता सिन्हा, शैलेंद्र, सुमन, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, हर्ष सिन्हा, शिल्पी बक्शी, राहुल दारा, राहुल सिन्हा, रोहित, संचिता, सुनील श्रीवास्तव, अतुल, आर के सिन्हा सहित वेदांता, इलेक्ट्रो स्टील के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाबालिक के अपहरण का मामल, पुलिस कर रही जांच

**बोकारो :** बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र से पिछले 2 तारीख को गायब हुए नाबालिक लड़की के मामले में अबतक कुछ भी पता नहीं चल पाया है जिसके कारण परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने गांव के ही युवक पर किडनैपिंग का आरोप लगाते हुए किसी अनहोनी की आसंका जताई है। इधर पुलिस पूरे मामले की तो जांच कर रही है वही आरोपी का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है ऐसे में पुलिस जल्द से जल्द गायब हुए नाबालिक लड़की की बरामदगी की बात कह रही है। बताते चले की बोकारो के कसमार थाना क्षेत्र में घर से उस वक्त गायब हो गई जब वो घर में अकेली थी और मां,पिताजी खेत में काम करने गई हुई थी। घर पहुंचा तो 15 वर्षीय नाबालिक लड़की गायब मिली। जिसके बाद आसपास खोजबीन की गई जहां कोई पता नहीं चलने पर जांच की गई तो पड़ोसी का युवक भी घर से गायब था जिसपर पीड़ित को तंग करने का पहले भी आरोप लगा था जहां मामला थाना पहुंचने पर शांत हुआ था। पीड़ित के पिता ने जहां अपनी नाबालिक लड़की को पड़ोस के रहनेवाले एक लडके पर किडनैपिंग का आरोप लगाते हुए कसमार थाना में मामला दर्ज कराया है। वही कसमार थाना पुलिस भी अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। बोकारो के पुलिस प्रवक्ता सह सिटी डीएसपी ने कहा की मामला दर्ज कर लिया गया है।

## शहीद शेख भिखारी का बलिदान हमारी आजादी की नींव थी: बंधु

मेट्रो रेज संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के फोरेस्ट मैदान में बुधवार को शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की उपस्थित हुए। उन्होंने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर श्री तिर्की ने कहा, ₹शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने 8 जनवरी 1858 को अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आजादी की नींव रखी। उनकी वीरता और बलिदान को



कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते हुए उन्होंने अपनी जान न्योछावर कर दी। हमें गर्व है कि हम ऐसे महान क्रांतिकारियों की धरती पर खड़े हैं।₹

उन्होंने आगे कहा कि शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने छोटानागपुर की धरती पर अंग्रेजों के अन्याय और शोषण के खिलाफ जो आवाज बुलंद की, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इन अमर क्रांतिकारियों को बिना किसी मुकदमे के 8 जनवरी 1858 को फांसी पर लटका दिया गया, लेकिन उनकी कुबार्नी व्यर्थ नहीं गई।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रमुख फि लिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमित खलखो, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तबारक खान शामिल हुए।

इसके अलावा हाजी फहफूज आलम, जमील अख्तर, हुसैन अंसारी, हसिब खान, बेलस टोप्पो, अर्जुन महतो, होसे उरांव, सरोफिना मिंज, सरीता तिग्गा समेत कई अन्य कार्यकताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की शहादत को याद करते हुए, सभी ने उनके दिखाए

## जिले में फिर दिखाई दिया बाघ, ग्रामीणों में दहशत

**रांची :** सरायकेला-खरसावां जिले में एक बार फिर बाघ की दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने चांडिल के चैनपुर और खूंटी मोड के पास बाघ को देखा है, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई है। यह घटना 31 दिसंबर के बाद दूसरी बार हुई है, जब ग्रामीणों ने चौका के तुलग्राम जंगल में बाघ को गाय का शिकार करते देखा था। इसके बाद वन विभाग ने तुलग्राम-बालीडीह जंगल में ट्रैकिंग कैमरा इंस्टाल किया है। बाघ की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन अब तक बाघ कैमरे में कैद नहीं हुआ है। वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की टीम ने भी इलाके में पहुंचकर बाघ का पता लगाने की कोशिश शुरू कर दी है।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता को लेकर सेमिनार

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** गोमिया प्लस टू हाई स्कूल एवं होसीर हाई स्कूल में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि तंबाकू के अंदर 4000 से अधिक जहरीले तत्व होते हैं जो



मानव शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न करती है निकोटीन की वजह से सोचने समझने की क्षमता में कमी आता है सेमिनार के दौरान सभी बच्चों को बताया कि तंबाकू का सेवन पहले खुद ना करें और साथ ही ऐसी जगह से बचें जहां धूम्रपान का सेवन किया जाता है क्योंकि यदि आप उस जगह पर खड़े रहते हैं तो पैसिव स्मोकिंग की वजह से आपको भी नुकसान हो सकता है तो ऐसी जगह से बचें जहां खुले में धूमपान किया जाता है लाता है तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते है आप अन्दाजा नही लगा सकते। ऐसे मे हम सभी से अनुरोध करना चाहते है कि यदि आप तम्बाकू का उपयोग करते है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र से सम्पर्क कर तम्बाकू छोड कर तम्बाकू मुक्त समाज का निर्माण करें और बच्चों से अनुरोध है कि यदि आपके माता पिता भी इसका उपयोग करते है तो उन्हें भी तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य लल्लन प्रसाद जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के वाहन को दिखाई झंडी

## प्रतिभागियों से किया संवाद

संवाददाता

रांचीः राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने '28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके अलावा राज्यपाल ने राजभवन में 10 जनवरी से 12 जनवरी, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित '28 वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' के झारखंड राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया।




राज्यपाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। राज्यपाल ने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए युवाओं से स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए।

राज्यपाल महोदय ने युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ0 नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो। कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

# पेड़ से टकराया अनियंत्रित ऑटो, तीन गंभीर



मेट्रो रेज

रांची : अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास अनियंत्रित ऑटो के पेड़ से टकराने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को एम्बुलेंस की मदद से रिम्स भेजा गया। दो की स्थिति नाजुक है। हरमू फल मंडी में काम करने वाले युवकों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को हॉस्पिटल भेजा। बताया जा रहा है कि हरमू फल मंडी की तरफ से सहजानंद चौक की तरफ ऑटो जा रहा था। अचानक ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ा और ऑटो पेड़ में टक्कर गया।

# झारखंड के 11 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट, मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

संवाददाता

रांचीः झारखंड में आज यानी गुरुवार को राज्य के उत्तरी क्षेत्र के 11 जिले में घने कोहरे और धुंध बनने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन 11 जिलो में गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं।



इन जिलों के लोगों को चेतावनी है कि सुबह में सफर पर न निकलें। धूप निकलने के बाद ही कहीं निकलें। हालांकि, दिन में मौसम साफ हो जाएगा। ऐसे में बाहर निकलें तो गर्म कपड़े जरूर पहनें, अन्यथा ठंड अटैक कर सकती है। वहीं, अन्य जिलों में स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन शाम को शीतलहर की संभावना है। इसके अलावा, पलामू, सिमडेगा, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, गढ़वा व गुमला में न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

संभावित तापमान की बात करें तो देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ व साहिबगंज में अधिकतम 23 व न्यूनतम 7 डिग्री, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 23 डिग्री व न्यूनतम 6 डिग्री, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी, गुमला अधिकतम 23 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री, पूर्वी व पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा अधिकतम 24 व न्यूनतम 6 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में ठंड से कनकनी बढ़ गई है। ऐसा पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा के कारण हो रहा है। झारखंड के 20 जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। मैक्लुस्कीगंज का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक चला गया है। गुरुवार को यहां का उच्चतम तापमान 19 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि 4 दिन तक लोगों को इस ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री हो गया है। लातेहार का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस, तो गुमला का 9.3 डिग्री और सरायकेला-खरसावां एवं लोहरदगा का न्यूनतम पारा 8.6 डिग्री सेल्सियस हो गया है। 4 जिलों (पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज) को छोड़कर राज्य के सभी 20 जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है।

# इंदिरा गांधी भवन का भव्य उद्घाटन कांग्रेस पार्टी के नये अध्याय की शुरूआत

## 15 जनवरी को सोनिया गांधी करेंगी इंदिरा भवन का उद्घाटन

मेट्रो रेज

रांचीः झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने आज बताया 15 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के नए कार्यालय इंदिरा गांधी भवन (नई दिल्ली) का उद्घघाटन सोनिया गांधी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। यह ऐतिहासिक अवसर कांग्रेस पार्टी के लिए एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है।



इस शुभ अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष ल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। झारखण्ड से भी कांग्रेस के नेता कांग्रेस कार्यालय के ऐतिहासिक उद्घघाटन समारोह में शामिल होंगे।

आलोक दूबे ने कहा इंदिरा गांधी भवन कांग्रेस पार्टी के समर्पण, विचारधारा और राष्ट्रीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में है। यह नया भवन न केवल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, बल्कि यह कांग्रेस की गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक भी है। कांग्रेस नेता ने कहा, यह भवन हमारी पार्टी के मूल्यों और संकल्पों को नई ऊर्जा देने का काम करेगा। हम इसके माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका को और सशक्त करेंगे। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह का माहौल है। यह समारोह कांग्रेस पार्टी की एकजुटता और इसके नवीनीकरण का संदेश देगा।

# शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव के शहादत दिवस पर कार्यक्रम



मेट्रो रेज

रांचीः अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति पुंदाग रांची द्वारा शहीदों के शहादत दिवस ार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मजहर हुसैन एवं विशिष्ट अतिथि कलाम आजाद एवं संजीव कुजूर ने किया। शहीद शेख भिखारी तथा शहीद टिकैत उमराव को श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद रात्रि 09 बजे से कव्वाली का कार्यक्रम हुआ । जिसमें मशहूर कव्वाल मजहर जानी बनारस एवं वफा परवीन बनारस ने श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदारत इनामुल हक ने की। समारोह स्थल में मेला और बच्चों के लिए झूला भी लगाया गया। जिनमें बच्चों ने खूब मस्ती किया । समारोह को सफल बनाने में नेजाम मस्तान (बाबा) बिंदे मुंडा,आफताब हुसैन, इनामुल हक, मजहर हुसैन,कुदूस अंसारी ,मोबिन अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, अफरोज अंसारी, इस्तियाक अंसारी, गुलजार अहमद,इनायत हुसैन, शमशुल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, वसीम भंडारी, खुर्शीद आलम, इमरान अंसारी,एजाज भाई, मुंतजिर अंसारी,इमरान अंसारी ,ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तौसीफ खान ने दी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।**
**E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची का पत्रांक–15 दिनांक–07.01.2025 द्वारा सिरमटोली चौक, राजेन्द्र चौक एवं मेकॉन गोलचक्कर (कुल लम्बाई–2.34 कि0मी0) पर चार लेन फ्लाई ओवर / एलिवेटेड निर्माण कार्य के लिए पाईप लाईन Shifting का कार्य हेतु Shutdown की मांग की गई है। उक्त कार्य कराने हेतु दिनांक 10.01.2025 को 24 घंटे के लिए हटिया पाईप लाईन से पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। पेयजलापूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

–ह0/–
(ई0 चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।

PR.NO.343846 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# एचएमपीवी वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर सरकार, प्रशासन ने शुरू किए विशेष इंतजाम



रांचीः कोरोना से अभी लोग ठीक से उबर भी नहीं पाए थे कि इसी बीच एचएमपीवी एक नया खतरा बनकर बढ़ने लगा है। सबसे पहले चीन से खबरें सामने आईं कि देश में इस वायरस के संक्रमण ने अस्पतालों और श्मशान में भीड़ बढ़ा दी है, लेकिन बीते सोमवार को भारत में भी इस संक्रामक रोग का पहला मामला सामने आ गया। वहीं, चीनी वायरस एचएमपीवी को लेकर झारखंड भी अलर्ट है। रिम्स में जल्द शुरू हो जाएगी एचएमपीवी संक्रमण की जांच : एचएमपीवी वायरस को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में, एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) वायरस के संबंध में कोई तत्काल चिंता नहीं है, क्योंकि यह आबादी के लिए तत्काल खतरा पैदा नहीं करता है। राज्य सरकार ने किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते, मैं सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा हूं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ नियमित संचार बनाए रख रहा हूं। वर्तमान में, हमें किसी भी अलार्म के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों से कोई औपचारिक संचार नहीं मिला है। मैंने विभाग के सचिव को राज्य भर में तैयारियों के मौजूदा स्तर का आकलन करने के लिए सिविल सर्जनों के साथ एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। अंसारी ने कहा कि रिम्स में 2 से 3 दिन के अंदर एचएमपीवी संक्रमण की जांच शुरू हो जाएगी। बाजार से भी जांच किट खरीदने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जमशेदपुर के एमजीएमसीएच में भी जांच शुरू कराने की योजना है। झारखंड सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धः अंसारी ने कहा कि मैं जनता को आश्वस्त करता हूं कि हमारे पास सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं और तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है। हालांकि, चल रहे सर्दी के मौसम को देखते हुए, अतिरिक्त सावधानी बरतना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान वे स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। हम सभी को सूचित रहने, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने और अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय करने की दृढ़ता से सलाह देते हैं। राज्य सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि रिम्स में एचएमपीवी संक्रमण की जांच शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मशीन उपलब्ध है, लेकिन जांच किट का इंतजार है। ये किट एनआईवी पुणे से मंगाई जा रही हैं। इसके लिए पत्र भेजा गया है। जल्द ही रिम्स में जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी।

**क्या है एचएमपीवी वायरस** : एचएमपीवी एक आम श्वसन वायरस है जो निचले और ऊपरी श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। यह कोई नया वायरस नहीं है जो अभी पैदा हुआ है बल्कि पिछले कुछ सालों में दूसरे देशों में भी इसके मामले सामने आए हैं।



# जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण

रांचीः गूगू टोली चर्च रोड के वार्ड 15 में आज असहाय महिला एवं पुरुषों के बीच नगर निगम एवं पूर्व वार्ड पार्षद जरमीन टोप्पो द्वारा कंबल वितरण किया गया। जिसमें अटल केसरी, अजीत लकड़ा प्रदीप लकड़ा, विमल नाग, लक्ष्मण खालको, अजय टोप्पो, जॉन तिर्की व बिकली शमिल हुए शामिल हुए।

## कृषि मंत्री बनने के बाद एक्टिव मोड में शिल्पी नेहा तिर्की

# समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिया निर्देश

संवाददाता

रांचीः कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जमीनी स्तर पर उचित क्रियान्वयन नहीं होने के कारण उनके विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा।



तिर्की ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा उसकी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नियुक्त ग्राम स्तरीय कर्मचारी (वीएलडब्ल्यू) अन्य विभागों का काम भी संभाल रहे हैं। तिर्की ने कहा, हम विभाग की विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंच नहीं पा रहा, क्योंकि वीएलडब्ल्यू आवास योजना और मनरेगा जैसी अन्य योजनाओं से संबंधित कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने वीएलडब्ल्यू को पत्र जारी कर उन्हें केवल कृषि से संबंधित कार्य करने के लिए कहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए बताया कि समीक्षा बैठक में इस बात पर पर चर्चा की गई कि कैसे आने वाले समय में राज्य को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि 10 गांव के साथ बीज ग्राम बनाने का एमओयू किया गया है। ताकी आने वाले समय में राज्य में बीज को लेकर समस्या ना हो।

तिर्की ने कहा, हमने वीएलडब्ल्यू के लिए एक सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है, जहां उन्हें विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि वे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सकें। हम उन्हें मासिक लक्ष्य देंगे और उनकी जवाबदेही तय करेंगे।" उन्होंने कहा, मैं मौजूदा योजनाओं को सही तरीके से जमीनी स्तर पर लागू करना चाहती हूं। अगर योजनाओं को सही तरीके से लागू किया गया तो राज्य में पलायन की समस्या खत्म हो जाएगी। हमारा उद्देश्य झारखंड को कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।" मंत्री ने बताया कि 18 जनवरी को रांची जिले के चान्हो ब्लॉक में मंडल स्तरीय कृषि मेला आयोजित किया जाएगा और इसमें वीएलडब्ल्यू एवं किसानों को आमंत्रित किया जाएगा।

**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)**
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

:– अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

**गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची एवं पुलिस लाईन ग्राउण्ड, दुमका में आयोजित होने वाले समारोह में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, राँची के द्वारा झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिस निमित्त झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मो/संस्थानों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः उपरोक्त हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फर्म/संस्थान दिनांक 16.01.2025 अप० 2.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कार्यालय तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, राँची –04 में निविदा समर्पित कर सकते हैं। उक्त निविदा का निष्पादन दिनांक 16.01.2025 अप० 3.30 बजे किया जायेगा। निविदा से संबंधित सभी विस्तृत जानकारी निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com तथा सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती/बाद की सभी सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होगी। निविदा को किसी भी समय आंशिक/पूर्णतः, रद्द/परिवर्त्तित/संशोधित करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची

PR 343820 (Art Culture Sports and Youth Affairs)24-25*D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## चुनाव आयोग के जवाब

**चुनाव** आयोग ने राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी हैं। सियासी तापमान लगातार बढ़ेगा। भाजपा का बहुत कुछ दांव पर है, क्योंकि वह 26 साल से दिल्ली अर्द्धराज्य की सत्ता से बाहर है। इस बार भी भाजपा के चुनावी पोस्टर पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र छापा गया है। साफ है कि पार्टी के पास मुख्यमंत्री के चेहरे लायक कोई नेता नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर एक अर्द्धराज्य के लिए वोट मांगना ही असंगत और राजनीतिक कमजोरी है। दूसरी तरफ केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) लगातार चौथी बार सत्ता के लिए जनादेश मांग रहे हैं, लेकिन इन कट्टर ईमानदार चेहरों पर भ्रष्टाचार के दाग भी उभर आए हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल समेत बड़े नेता, सांसद, विधायक जेल की हवा खा चुके हैं, लिहाजा आप का चुनावी अभियान सवालिया है, लेकिन केजरीवाल चुनावी दौड़ से बाहर नहीं हैं। दरअसल दिल्ली बेहद शिक्षित, संपन्न और जागरूक महानगर है। यहां की साक्षरता दर 88 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आय 4.6 लाख रुपए सालाना है। दिल्लीवालों के पास करीब 1.70 करोड़ स्मार्ट फोन हैं और 70 फीसदी से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। जाहिर है कि दिल्ली का जनादेश किसी सामान्य राज्य या क्षेत्र से भिन्न होता है। ऐसे चुनाव की तारीखें घोषित करने से पूर्व चुनाव आयोग ने कई सवालों, आपत्तियों, संदेहों और झूठ के गुब्बारों के जवाब देना उचित समझा, क्योंकि आयोग देश के प्रति जवाबदेह है और स्पष्टीकरण देना उसकी संवैधानिक प्राथमिकता भी है। अधिकतर आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं और कुछ जनादेशों को ईवीएम का चुनाव करार दिया है। आप ने भी आरोप लगाए हैं कि दिल्ली में मतदाता-सूची में नाम जोड़े या काटे गए हैं। खुद मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को ज्ञापन लिखा है कि केजरीवाल के चुनाव-क्षेत्र नई दिल्ली विधानसभा में 6000 से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। कुछ और चुनाव-क्षेत्रों में भी ऐसा किया गया है। चूंकि इधर चुनाव आयोग की छवि और भूमिका दागदार और सवालिया हो गई है और उसे भाजपा का चुनाव आयोग कहा जाने लगा है, लिहाजा स्पष्टीकरण देने बहुत जरूरी थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक बार फिर ईवीएम पर स्पष्टीकरण दिए। हालांकि सर्वोच्च अदालत तक इस मुद्दे पर विस्तृत फैसला सुना चुकी है। फिर भी सीईसी ने स्पष्ट किया कि ईवीएम बिल्कुल पारदर्शी है। उसे हैक नहीं किया जा सकता। उसमें वायरस डाल कर किसी भी चुनाव-परिणाम को प्रभावित नहीं किया जा सकता। सीईसी ने किसी भी तरह की छेड़छाड़ के आरोपों और अवैध वोट की संभावना को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि झूठ के गुब्बारे उड़ाना बंद करें। ईवीएम को राजनीतिक दलों के एजेंटों के सामने खोला जाता है, चुनाव-चिह्न डाले जाते हैं और मतदान के सात दिन पहले ही मशीन को तैयार किया जाता है। ईवीएम फुलप्रूफ मशीन है। इसे मतदान के बाद सील कर दिया जाता है। मतगणना फॉर्म 17-सी के साथ की जाती है। यह फॉर्म मतदान समाप्त होने के बाद एजेंटों को दिया जाता है। इसमें उस मतदान केंद्र पर हुए मतदान का रिकॉर्ड होता है। इस तरह मतदान और मतगणना के दौरान पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाती है। सीईसी ने मतदाता-सूची में नाम जोड़ने या काटने को बहुत मुश्किल बताया, क्योंकि इस काम की एक स्थापित व्यवस्था और प्रक्रिया है। फॉर्म-7 भरे बिना किसी मृतक का नाम भी सूची से बाहर नहीं किया जा सकता। मतदाता-सूची तैयार करने में 70 चरण अपनाए जाते हैं और हर चरण में प्रत्याशी और राजनीतिक दलों को रखा जाता है। चुनाव आयोग का ऐसा स्पष्टीकरण प्रशंसनीय है। फिर भी कोई संदेह करे, तो उसका इलाज हकीम लुकमान अली के पास भी नहीं है।

## समय प्रबंधन

**कैलेंडर** की बदलती तारीखों के साथ हम वर्ष 2025 में प्रवेश कर चुके हैं। वास्तव में यह अवसर आत्मसमीक्षा का अवसर है। इस अवसर पर अधिकांश लोग कुछ नए संकल्प लेते हैं, बुराईयों का त्याग करने का प्रण करते हैं, नई योजनाएं बनाते हैं और कुछ दिनों तक ये प्रयास जारी भी रहते हैं। हम सभी का इन संकल्पों के जरिये प्रयास रहता है कि इन पर अमल करते हुए हम अपने जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव ला सकें लेकिन दृढ़संकल्प के अभाव में कुछ दिनों में ही हम पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं, यानी हमारे सारे संकल्प, सारी योजनाएं विफल हो जाती हैं। उदाहरण के रूप में यदि हम धूम्रपान के आदी हैं तो एक ही बार में धूम्रपान का त्याग करने की कोशिश करने के बजाय धूम्रपान की मात्रा में धीरे-धीरे कमी करते जाएं और इस सीमा तक पहुंच जाएं कि धूम्रपान का त्याग करना हमारे लिए कोई मुश्किल काम न रह जाए। इसी प्रकार अगर हम रोज प्रातः 7 बजे के करीब सोकर उठते हैं और संकल्प लेते हैं प्रातः 4 बजे उठने का तो हम दो-चार दिन भले ही मन मारकर 4 बजे उठ जाएं, पर उसके बाद हमारा यह नियम टूट ही जाएगा। इसलिए एकदम से 4 बजे उठना शुरू करने के बजाय यदि हम उठने के समय में धीरे-धीरे आधे-आधे घंटे की कमी करते जाएं तो फिर देखिए, कुछ ही दिनों में ऐसा चमत्कार होगा कि हमारी आंतरिक घड़ी हमें खुद-ब-खुद निर्धारित समय पर जगा देगी। जिस प्रकार कोई बुरी आदत छूटने में समय लगता है, उसी प्रकार नई आदतें विकसित होने में भी समय लगता है। कोई भी नए संकल्प लेने से पहले अपने अंदर की कमजोरियों, अपने गुणों-अवगुणों को पहचानें और इनकी समीक्षा करें। अपनी गलतियों, असफलताओं या कमजोरियों के लिए दूसरों पर दोषारोपण करने के बजाय एक-एक कर उन्हें सुधारने का प्रयत्न करें। अपनी गलती स्वीकारना सीखें। अपनी गलतियां स्वीकारने से आप आत्मविश्लेषण तो कर ही सकेंगे, इससे आपको कुछ न कुछ नया सीखने को भी मिलेगा और आपका व्यक्तित्व भी निखरेगा। हर व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है, अतः दूसरों से भी कुछ अच्छी बातें सीखने का प्रयास करें। सफलता प्राप्ति एवं जीवन में उन्नति के लिए जरूरी है कि आपके जीवन में पारदर्शिता स्पष्ट झलके। जो कुछ आप कहें, उस पर अमल भी करते दिखाई दें। अगर आप दूसरों को उपदेश देते रहें और स्वयं उन पर अमल न करें तो लोग आपको संदेह की नजर से ही देखेंगे और आपकी बातों का भी उनकी नजरों में कोई महत्व नहीं होगा। यदि आपमें दूसरों की निंदा करने की आदत है तो उसे छोड़ने का प्रयास करें क्योंकि अपनी इस आदत के कारण भी आप दूसरों की नजरों में गिर सकते हैं। आप स्वयं को दूसरों से किसी भी मामले में कम न समझें। अगर आपमें आत्मविश्वास है तो आप हर प्रकार की चुनौती का दृढ़ता से सामना कर सकते हैं और उस पर विजय पा सकते हैं। दूसरों के प्रति नकारात्मक सोच की प्रवृत्ति का त्याग करें।

# महिलाओं की भूमिका

सावित्रीबाई और महात्मा फुले 5 नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। इन सुधारों ने समाज में जागरूकता का माहौल पैदा किया और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए रास्ता खोला। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद डा. भीमराव अंबेडकर के प्रयास से भारतीय संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार दिए, जिससे नारी को पुरुषों के समान सम्मान और अवसर मिलने लगे। इस प्रकार, नारी अब केवल अबला नहीं, बल्कि सशक्त और सक्षम महिला के रूप में उभरी है। आज भारतीय समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। चाहे वह राजनीति हो, व्यापार हो, शिक्षा हो या खेल, महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता का भरपूर प्रदर्शन कर रही हैं। कई महिलाएं अब शीर्ष पदों पर कार्यरत हैं, जैसे भारत की पहली महिला राष्ट्रपति, महिला प्रधानमंत्री और विभिन्न मंत्रालयों की प्रमुख। इस प्रकार, नारी ने साबित कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

**रमेश धवाला**

**भारतीय** समाज में महिलाओं की भूमिका पर दृष्टिकोण में समय-समय पर बदलाव आया है। प्राचीन भारत में नारी को प्रकृति का वरदान माना गया था और वह समाज के विकास में बराबरी की भागीदार रही है। सृष्टि के सृजन में नारी और पुरुष दोनों का योगदान समान है और वे एक-दूसरे के पूरक हैं। उस समय महिलाओं को सम्मान और अधिकार प्राप्त थे, और वे अपने परिवार और समाज में अहम स्थान रखती थीं। नारी को देवी का रूप माना जाता था और उसे पुरुषों के समान अधिकार दिए जाते थे। हालांकि, मध्यकाल में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों के कारण महिलाओं की स्थिति में गिरावट आई। पर्दा प्रथा, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों ने नारी की स्थिति और भी दयनीय बना दी। इन प्रथाओं ने न केवल महिलाओं के अधिकारों का हनन किया, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी दबा दिया। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को कमजोर और उपेक्षित माना जाने लगा था, और उन्हें केवल घरेलू कार्यों तक ही सीमित कर दिया गया। समाज में बदलाव की शुरूआत हुई जब ब्राह्मो समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया और उसे समाप्त करने के लिए कानून बनवाया। इसके साथ ही ज्योतिराव फुले, सावित्रीबाई फुले जैसे समाज सुधारकों ने नारी के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए। 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ी इलाके में अपने पति के साथ मिलकर सावित्रीबाई फुले ने विभिन्न जातियों की 9 छात्राओं के लिए आधुनिक भारत में पहले महिला शिक्षा विद्यालय की स्थापना की। इसके बाद सिर्फ एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले 5 नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। इन सुधारों ने समाज में जागरूकता का माहौल पैदा किया और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए रास्ता खोला। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद डा. भीमराव अंबेडकर के प्रयास से भारतीय संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार दिए, जिससे नारी को पुरुषों के समान सम्मान और अवसर मिलने लगे। इस प्रकार, नारी अब केवल अबला नहीं, बल्कि सशक्त और सक्षम महिला के रूप में उभरी है। आज भारतीय समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। चाहे वह राजनीति हो, व्यापार हो, शिक्षा हो या खेल, महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता का भरपूर प्रदर्शन कर रही हैं। कई महिलाएं अब शीर्ष पदों पर कार्यरत हैं, जैसे भारत की पहली महिला राष्ट्रपति, महिला प्रधानमंत्री और विभिन्न मंत्रालयों की प्रमुख। इस प्रकार, नारी ने साबित कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां महिलाओं की आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों के मुकाबले बेहतर है। यहां महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 फीसदी आरक्षण मिला, जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। महिलाएं अब न केवल राजनीति में, बल्कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं का शिक्षा के क्षेत्र में भी जबरदस्त योगदान देखा जा रहा है। राज्य सरकार ने महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दी है और कई सरकारी योजनाओं के माध्यम से लड़कियों के लिए शिक्षा के अवसर सुनिश्चित किए हैं। परिणामस्वरूप, आज हिमाचल की महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में पुरुषों के समान कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। हिमाचल प्रदेश में महिलाएं कृषि कार्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। स्टैंडअप इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। नीति आयोग ने महिला उद्यमिता मंच की स्थापना की है, जो महिलाओं को आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करता है। महिलाओं की भूमिका दिन-प्रतिदिन सशक्त हो रही है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के स्तंभ एनआरआई

इस बार प्रवासी भारतीय दिवस 2025 की थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा नागरिक भारत के रहते हैं। फिलहाल भारतीय प्रवासियों की संख्या 3 .5 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। इस दिन को मनाने के लिए 9 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया था क्योंकि 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था।

**अनुज आचार्य**

**भारत** सरकार हर दो साल के बाद 9 जनवरी को अपने प्रवासी भारतीय समुदाय द्वारा भारत के उत्थान और विकास में दिए गए योगदान को मान्यता देने के लिए प्रवासी भारतीय सम्मलेन का आयोजन करती है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 2003 से हुई थी और तब से लेकर आज तक भारत के विभिन्न शहरों में 17 सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से प्रवासी भारतीय समुदाय को अपनी मातृभूमि से जुड़ने का मौका मिलता है तो वहीं भारत सरकार उनके योगदान को सराहती है और उनको सम्मानित भी करती है। वर्ष 2015 से प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अब प्रत्येक दूसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस बार प्रवासी भारतीय दिवस 2025 की थीम विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा नागरिक भारत के रहते हैं। फिलहाल भारतीय प्रवासियों की संख्या 3.5 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। इस दिन को मनाने के लिए 9 जनवरी का दिन इसलिए चुना गया था क्योंकि 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया था।

इस बार 18वां पीबीडी सम्मेलन 08-10 जनवरी 2025 को भुवनेश्वर में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। युवा मामलों और खेल मंत्रालय की संयुक्त साझेदारी में प्रवासी भारतीय दिवस का युवा संस्करण भी आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी और समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। प्रवासी भारतीय दिवस वेबसाइट का शुभारंभ प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2025 में भागीदारी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की शुरूआत का प्रतीक होता है। वेबसाइट ओडिशा में आवास के आरक्षण की सुविधा भी प्रदान करेगी और प्रवासी भारतीय दिवस 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर रही है। प्रवासी भारतीयों के योगदान को आप यूं भी समझ सकते हैं कि वे विदेशों में कमाई करके जो धन अपने देश में भेजते हैं, जिसे धन प्रेषण या रेमिटेंस भी कहते हैं, उससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 2024 में भारत में प्रवासी भारतीयों द्वारा 129 बिलियन डॉलर धनराशि भेजी गई है। प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया धन इस साल भारत के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) से बहुत ज्यादा है और यह सितंबर तिमाही तक 62 अरब डॉलर था। यह रकम देश के रक्षा बजट 55 अरब डॉलर से ज्यादा है। तुलनात्मक रूप से, भारत में भेजा गया धन पाकिस्तान (67 अरब डॉलर) और बांग्लादेश (68 अरब डॉलर) के संयुक्त सालाना बजट के लगभग बराबर है। पिछले दस वर्षों में भारत में प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजे गए धन में 57 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 2014 और 2024 के बीच कुल 982 अरब डॉलर रही। 2014 में जहां देश को 70 अरब डॉलर मिले थे, वहीं यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है जो 2021 में 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था। 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान भी भारत को प्रवासियों से 83 अरब डॉलर हासिल करने में कामयाबी हासिल हुई थी। यहां यह बात भी काबिलेगौर है कि विदेशों में अपने आधिकारिक दौरों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रवासी भारतीयों के साथ नियमित बातचीत और भारत की विकास गाथा में प्रवासी भारतीयों के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करना भारत और उसके वैश्विक भारतीय समुदाय के बीच मजबूत संबंधों को दशार्ता है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रवासी भारतीयों के ओडिशा आने पर उम्मीद जताई कि वे ओडिशा की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को देख पाएंगे।

प्रवासी भारतीय दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रवासी भारतीय समुदाय को भारत सरकार के साथ जुड़ने और अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को भारतीय समुदाय के साथ साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसका उद्देश्य सरकार द्वारा भारत की प्रगति बताने और प्रवासी भारतीयों से निवेश करने का आह्वान करना भी है। प्रवासी भारतीय दिवस समारोह में सम्मेलन, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनियों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रवासी भारतीय दिवस में प्रवासी भारतीय, भारत सरकार के अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद और व्यापार जगत के अग्रणी लोग शामिल होते हैं। यह उनके लिए नीतियों, आर्थिक अवसरों और सामुदायिक विकास पर चर्चा करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। विदेशों में रह रहे अनेकों भारतीयों ने न केवल उन देशों की प्रगति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है, अपितु अपनी अद्भुत प्रतिभा से भारत के नाम को भी चार चांद लगाए हैं। भारतीय मूल के रवि मेनन सिंगापुर के सेंट्रल बैंक मॉनेट्री अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर (एमएएस) में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं तो वसंत नरसिम्हन नोवार्टिस के लिए औषधि विकास और मुख्य चिकित्सा अधिकारी हैं। मुंबई के जन्मे रोहिंटन मिस्त्री दुनिया के जाने-माने लेखक हैं और गुजरात के 33 वर्षीय कंप्यूटर वैज्ञानिक प्रणव मिस्त्री सैमसंग में रिसर्च के उपाध्यक्ष हैं। सुंदर पिचाई इस समय गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं तो सत्या नडेला माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सीईओ हैं। एडोब के सीईओ शांतनु नारायण हैं तो वहीं आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा हैं। इनमारसैट के सीईओ राजीव सूरी साल 2021 से इस पद पर हैं। इससे पहले वे नोकिया के सीईओ थे। भारतीय मूल के लोगों के इन नामों के अलावा अनेकों भारतीय उद्यमिता के सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं, चाहे वह व्यवसाय हो, सूचना तकनीकी हो, स्वास्थ्य, वित्त हो या बैंकिंग। विश्व के अनेक देशों में प्रवास कर रहे भारतीय मूल के लोग भारतीय सांस्कृतिक विविधता के सच्चे संवाहक एवं राजदूत हैं और ऐसे उत्कृष्ट भारतीयों को हमारा शत-शत नमन है।

# स्वाध्याय एक योग

## चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा**

**जीवन** को सफल, उच्च एवं पवित्र बनाने के लिए स्वाध्याय की बड़ी आवश्यकता है। किसी भी ऐसे व्यक्ति का जीवन क्यों न देख लिया जाए, जिसने उच्चता के सोपानों पर चरण रखा है। उसके जीवन में स्वाध्याय को विशेष स्थान मिला होगा। स्वाध्याय के अभाव में कोई भी व्यक्ति ज्ञानवान नहीं बन सकता। प्रतिदिन नियमपूर्वक सद्ग्रंथों का अध्ययन करते रहने से बुद्धि तीव्र होती है, विवेक बढ़ता है और अंतःकरण की शुद्धि होती है। इसका स्वस्थ एवं व्यावहारिक कारण है कि सद्ग्रंथों के अध्ययन करते समय मन उसमें रमा रहता है और ग्रंथ के सद्वाक्य उस पर संस्कार डालते रहते हैं। स्वाध्याय द्वारा अंतःकरण के निर्मल हो जाने पर मनुष्य के बाद अंतर पट खुल जाते हैं, जिससे वह आत्मा द्वारा परमात्मा को पहचानने के लिए जिज्ञासु हो उठता है। मनुष्य की यह जिज्ञासा भी स्वाध्याय के लिए निरंतर बढ़ती एवं बलवती होती रहती है और कर भी लेता है। परमात्मा के साक्षात्कार का उपाय भी स्वाध्याय से ही पता चल सकता है। स्वाध्यायशील व्यकित का जीवन अपेक्षाकृत अधिक पवित्र हो जाता है। ग्रंथों में सन्निहित सद्वाणी तो अपना प्रभाव एवं संस्कार डालती ही है, साथ ही अध्ययन में रुचि होने से व्यक्ति अपना शेष समय पढ़ने में ही लगाता है। वह या तो अपने कमरे में बैठा हुआ एकांत अध्ययन करता है अथवा किसी पुस्तकालय अथवा वाचनालय में पुस्तकों के बीच रहता है। उसके पास फालतू समय नहीं रहता जिसमें जाकर इधर-उधर बैठे अथवा घूमें और फिर वायु मंडल अथवा संगति से अवांछित संस्कार ग्रहण करें। जब मनुष्य निरर्थकों की संगति में न जाकर जीवनोपयोगी सद्साहित्य के अध्ययन में ही संलग्न रहेगा तो उसका आचार शुद्ध हो जाएगा। निरंतर अध्ययन करते रहने से मनुष्य का ज्ञान जाग्रत रहता है जिसका उद्रेक उसकी वाणी द्वारा हुए बिना नहीं रहता। अस्तु अध्ययनशील व्यक्ति की वाणी सफल, सार्थक तथा प्रभावोत्पादक बन जाती है। वह जिस सभा समाज में जाता है, उसकी ज्ञान मुखर वाणी उसे विशेष स्थान दिलाती है। अध्ययनशील व्यक्ति का ही कथन प्रामाणिक तथा तथ्यपूर्ण माना जा सकता है। स्वाध्याय सामाजिक प्रतिष्ठा का संवाहक होता है। संसार के इतिहास में ऐसे असंख्य व्यक्ति भरे हैं जिनको जीवन में विद्यालय के दर्शन न हो सके किंतु स्वाध्याय के बल पर वे विश्व के विशेष विद्वान व्यक्ति बने हैं।

## आपके पत्र

### क्या नई बीमारी को मात दे पाएगा भारत?

मानव मेटान्यूमोवायरस(एचएमवीपी) एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियां सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढांचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव बढ़ने के कारण यह लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। अब सवाल है कि क्या भारत इसका मुकाबला कर पाएगा?

**बीआर मल्लिक, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### करम पहाड़ में खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं का हुआ स्थलीय निरीक्षण

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज सहायक अभियंता पेयजल व स्वच्छता अवर प्रमंडल साहिबगंज कनीय अभियन्ता पेयजल व स्वच्छता प्रशाखा बोरियो के द्वारा संयुक्त रूप से प्रखंड बोरियो अंतर्गत करम पहाड़ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं से संबंधित स्थलीय निरीक्षण किया और सम्बंधित संवेदक को शेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### ग्राम पंचायत में आयोजित हुई पंचायत स्तरीय समिति की बैठक

**साहिबगंज/बरहड़वा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बड़ा सोनाकड़ और रूपसपुर पंचायत में ग्राम पंचायत समन्वयक समिति की बैठक मुखिया की अध्यक्षता में हुई।प्राप्त जानकारी अनुसार बड़ा सोनाकड़ पंचायत में मुखिया सोना मुर्मू एवं रुपसपुर पंचायत में मुखिया जिशु मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में पंचायत सचिव सुधिर साहा और विक्की मुंडा ने ग्राम पंचायत समन्वयक समिति की बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी गई.इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत में शत प्रतिशत धरातल पर उतारने पर चर्चा की गई।बैठक में साथ ही पंचायत में शिक्षा,जनवितरण प्रणाली, स्वास्थ्य,आंगनबाड़ी केंद्र आदि अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं शुचारू रूप संचालन करने व जनहित में योजनाओं का चयन करने,तथा पंचायत का चहुंमुखी विकास करने पर चर्चा की गई।इस मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधि डीलर, सेविका,सहिया,स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया,विद्यालय प्रबंधन समिति व शिक्षक,आदि अन्य उपस्थित थे।

### अधिवेशन में प्रत्येक सदस्य को कम से कम 5 सदस्य को लेकर जाना है : मिथुन

साहिबगंज/तालझाड़ी : प्रखंड स्थित मोती झरना बजरंगबली मंदिर की चबूतरा में झारखंड मजदूर संघ प्रजा०जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रस्तावित 9 फरवरी 2025 को साहिबगंज में जिला अधिवेशन की सफलता के बारे में लेकर बैठक हुई।इस बैठक मुख्य रूप से केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी को होने वाले अधिवेशन में प्रत्येक सदस्य को कम से कम 5 सदस्य को लेकर जाना है।वही संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने झारखंड सरकार से मोती झरना मोती धाम मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि उक्त स्थल में जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है। जिससे भक्तजनों को आने जाने में कोई कठिन ना हो सके।वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने कहा कि 16 जनवरी से 31 जनवरी के बीच सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाकर प्रखंड कमेटी का चयन करना है।बैठक में राजेंद्र कुमार मंडल तिलकाय मुर्मू,ओमलता देवी,रोमा देवी,तबस्सुम परवीन,अंजु देवी,मीरा देवी,मुन्नी देवी,रिजवान बेबी,उषा देवी,सीता देवी,कविता देवी,संतोषी देवी,विश्वनाथ मंडल,सुरेन मंडल सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रभारी प्रमुख शिला देवी व पंचायत समिति टीबी मरीज को लिया गोंद

**साहिबगंज/मंडरो:** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड परिसर में टीबी रोगियों को प्रभारी प्रमुख शिला देवी चार टीबी मरीज को गोद लिया।पंचायत समिति सदस्य गुलाब तोरी दो टीबी मरीज को गोद लिया, पंचायत समिति सदस्य रविना पहाडीन एक टीबी मरीज को गोद लिया, पंचायत समिति सदस्य प्रेम मुर्मू एक टीबी मरीज को गोद लिया टीबी रोगियों को उनकी ओर से पोषण पोटली दी गई। साथ ही नियमित दवा का सेवन करते रहने की सलाह दी गई। मंडरो प्रखंड परिसर में बुधवार सीएचओ मोहन सिंह जटाव, टीबी सुपरवाईजर रित्विक आनंद मौजूद थे, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के उन्होंने सभी आठ रोगियों अपने खर्च से सुखा समान पोषण पोटली दी। साथ ही गोद लिए गए सभी आठ रोगियों को नियमित चलने वाले उपचार के विषय में जानकारी दी। प्रभारी प्रमुख शिला देवी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मरीजों गोद लेकर उन्हें स्वस्थ बनाने का निर्देश दिया है। जिसके तहत आठ टीबी मरीजों को गोद लिया गया है और उन्हें पोषण पोटली दी गई है। इसके साथ ही टीबी मरीजों को सभी सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

### बेकाबू टेंपो स्कूटी सवार को मारा धक्का साहिबगंज रेफर

साहिबगंज/मंडरो: भगैया मंडरो मुख्य पथ के तेतरिया बेलवा गांव के बीच टेंपो एवं स्कूटी के बीच धक्का लगने से स्कूटी पर सवार 40 वर्षीय दिव्यांग राम प्रवेश तूरी घायल हो गया सबसे पहले ग्रामीण द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र तेतरिया लेजाया गया जहां फस्ट इलाज एएनम पुनम कुमारी द्वारा किया गया ग्रामीण द्वारा 108 नमंबर कौल कर घटना से संबंधित जानकारी दिया गया एंबुलेंस चढ़ाकर एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज भेजा गया,मिली जानकारी के अनुसार मंडरो से स्कूटी पर दो व्यक्ति सवार होकर भगैया की ओर आ रहा था वहीं भगैया से टेंपो सवारी लेकर मंडरो की ओर जा रही थी, बेलवा और तेतरिया के बीच टेंपो एवं स्कूटी में धक्का लगने से स्कूटी गिर गई एवं राम प्रवेश पूरी घायल हो गया स्कूटी में महगामा विधानसभा क्षेत्र के विधायक निधि द्वारा दिव्यांग राम प्रवेश तूरी को वितरण की गई है स्कूटी रामप्रवेश तूरी चलता था।

### टेम्पु चालक द्वारा मार-पीट की गई पीड़ित व्यक्ति का माथा फुटा

**साहिबगंज/ मंडरो:** प्रखंड क्षेत्र के बुधवाचोक मंडरो मुख्य सड़क के बीच में टेम्पु चालक बाइक चालक में किसी बात को लेकर झड़प हो गई टेम्पु चालक द्वारा बिहार के पक्का पुल निवासी रहमान अंसारी के साथ मारपीट किया गया जीससे बिहार क्षेत्र के ईसीपुर थाना क्षेत्र पक्का पुल निवासी रहमान अंसारी को मारकर घायल कर दिया जीससे माथे पर से खुन बहने लगा पीड़ित व्यक्ति जान बचाकर प्रखंड परिसर जा पहुंचा जहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गया मिजाचौकी मंडरो मुख्य सड़क पर टेम्पु संचालक का धीरे-धीरे मनोबल बढ़ता देखा जा सकता है अपने वाहन को सड़कों पर काभी स्पीड में दौड़ते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। टेम्पु चालक द्वारा मार-पीट किया जाता है।

### शिविर में 32 रोगियों का किया गया इलाज

**दुमका :** लायंस क्लब दुमका स. प. के तत्वावधान में बुधवार को निःशुल्क सुजोक एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन भारती अस्पताल में किया गया। जिसमें 32 रोगियों का नामांकन किया गया। जिनमे महिला रोगी 14 एवं पुरुष रोगी 18 मौजुद थे इन सभी रोगियों का इलाज थैरेपिस्ट गोपाल मिश्रा, प्रिंस मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। थैरेपिस्ट गोपाल मिश्रा ने बताया एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति हमारी भारतीय पौराणिक चिकित्सा पद्धति में से एक है इसमें कुछ खास बिंदुओं पर दबाव देकर किसी भी बीमारी का इलाज बहुत ही सहजता पूर्वक से किया जाता है। थैरेपिस्ट प्रिंस मिश्रा ने बताया कि एक्यूप्रेशर उपचार में दबाव हम उस खास बिंदु पर एक्यूप्रेशर उपकरण मैग्नेट आदि के द्वारा भी देते हैं, जिससे उसे रोग से संबंधित बिंदु ऊर्जान्वित होकर संबंधित अंग को रिचार्ज करता है।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

# अग्निशमन दल और मेडिकल टीम मुख्य समारोह स्थल पर मौजूद रहेंगे : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस 2025 के सफल आयोजन व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।इस बीच बताया गया कि पिछले वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुरूप 2025 में भी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह सिद्धो कान्हो स्टेडियम साहिबगंज में आयोजित किया जाएगा।वही बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य आयोजन स्थल सिद्धो कान्हो स्टेडियम में पूर्वाह्न 9:05 पर झंडोतोलन किया जाएगा।जबकि समाहरणालय साहिबगंज में 10:10 बजे।विकास भवन साहिबगंज में 10:20। जैप- 9 साहिबगंज में 10:30 बजे।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 10:50 एवं अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज में 11:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।



वहीं उपायुक्त ने संबंधित सरकारी कार्यालय संस्थाओं के कार्यालय प्रधान एवं सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि अपने कार्यालय एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण समारोह मुख्य झंडोतोलन के पूर्व करना सुनिश्चित करें।इस क्रम में माल्यार्पण से संबंधित निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह स्थल सिद्धो कान्हो स्टेडियम में सिद्धो कान्हो प्रतिमा पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। गांधी प्रतिमा, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा, भगत सिंह बोस की प्रतिमा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद साहिबगंज द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त साहिबगंज चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा पर पुलिस उपाधीक्षक सदर द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। पदाधिकारी को पर्याप्त फूलमाला एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय ध्वज झंडा बांधने मुख्य समारोह स्थल पर बैठने माननीय अतिथि गनों के लिए व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक निर्णय लिए गए एवं पदाधिकारी को इसके लिए दायित्व सौंपा गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 26 जनवरी 2025 समारोह परेड का प्रबंध पुलिस अधीक्षक साहिबगंज द्वारा किया जाएगा। जिसमें जिला सशस्त्र बल,जैप- 9 के जवान, जैप- 9 की महिला पुलिस बल, जैप- 9 की पुरुष बल एनसीसी महिला एवं पुरुष तथा वन विभाग के प्लाटून द्वारा परेड किया जाएगा।बैठक के दौरान निर्णय लिया गया की परेड का पूर्वाभ्यास 18 जनवरी से 24 जनवरी तक होगा जिसमें सभी कैडेट्स को सार्जेंट मेजर पूर्व अभ्यास करायेंगे। निर्णय लिया गया की 26 जनवरी को पूर्वाह्न 7:00 से 8:00 तक प्रभात फेरी की व्यवस्था की जाएगी इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। परेड निरीक्षण हेतु वाहन, राष्ट्रीय गान हेतु गायन टोली परेड एवं सलामी में भाग लेने वाले एनसीसी के छात्रों,महिला कैडेट्स हेतु वाहन की व्यवस्था से संबंधित निर्देश दिए गए।झांकी से संबंधित भी आवश्यक निर्णय लिए गए। जिसमें बताया गया कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण वन विभाग, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, स्वास्थ्य विभाग, पहाड़िया कल्याण विभाग, पुलिस सुरक्षा पिंक पेट्रोल, जिला उद्योग केंद्र, श्रम विभाग पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, कृषि, खनन, भूमि संरक्षण, मत्स्य, जिला जनसंपर्क द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रिकेट खेल का आयोजन करने व एक दिन पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित भी आवश्यक निर्णय लिए गए जहां बताया गया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संध्या 6:30 से टाउन हॉल साहिबगंज में किया जाना है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि गणतंत्र दिवस से पूर्व 15 जनवरी से 19 जनवरी के बीच अपने-अपने कार्यालयों में सफाई अभियान चलाएं इसके लिए उपनिर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह,परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल विमल सोरेन विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी अंचलाधिकारी शहर के गणमान्य अन्य उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली गई



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में जागरुकता हेतु जिला परिवहन कार्यालय साहिबगंज से बाइक रैली को हरी झंडी दिखा कर जिले के सभी प्रमुख स्थानो, सरकारी कार्यालय थाना क्षेत्र बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, टैम्पो टोटो स्टैंड, चौक चौराहे पर बाइक रैली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सभी बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, टैम्पो टोटो स्टैंड, चौक चौराहे पर चालकों, बस ड्राइवर, कंडक्टरों को भी जागरूकत किया गया जिसका उद्वेश्य सभी वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता जागरूकता फैलाना है। हेलमेट सीटबेल्ट जैसे सेफ्टी उपकरण का प्रयोग के साथ यातायात नियमों का पालन करना है। सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाना का प्रयास है।

साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु बाइक रैली के माध्यम से पम्पलेट, बुकलेट, हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया।सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जागृत पुस्तिका हैंडबिल पम्पलेट वितरण का कार्य कराया जा रहा है।जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं सभी वाहन चालक अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह ने वाहन चालको एवं आमजनों से अपील किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। सभी चालक मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहने साथ ही चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करे, वाहन चलते समय शराब का सेवन एवं नशे के हालत में वाहन ना चलाए, बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वहां का परिचालन ना करें समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया।अंतिम में मुख्य रूप से दोपहिया, चार पहिया वहां पर सड़क दुर्घटना में कामी लेन हेतु रिफ्लेक्टिव टेप पारावर्तक पट्टी लगया गया जिससे अँधेरा, कोहरा, कुहासा, वर्षा में दोपहिया, चार पहिया वहां पर सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा साके।कार्यक्रम में उपस्थित परिवहन विभाग के लिपिक अभिषेक कुमार, जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, सड़क सुरक्षा योद्धा ओम प्रकाश पंडित मौजूद रहे।

## कुलपति ने किया संपादित पुस्तक के आवरण पृष्ठ का विमोचन



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति प्रो. डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने ए. एन. कॉलेज, दुमका के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं झारखण्ड बायोडाइवर्सिटी बोर्ड के सदस्य डॉ. अमर नाथ सिंह द्वारा संपादित पुस्तक ₹इथेनोबॉटनी : प्रेजेंट सीनारिओ एंड फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स ₹ के आवरण पृष्ठ का विमोचन बुधवार को अपने आवासीय कार्यालय में किया ' इस पुस्तक के सह संपादक डॉ. अवध किशोर राय, डॉ. कन्हैया सिंह एवं डॉ. बबिता बर्धन हैं ' कुलपति ने पुस्तक के विषय वस्तु को वर्तमान समय में काफी उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताया ' उन्होंने कहा की इथेनोबॉटनी अथवा लोक वनस्पति शास्त्र का इतिहास बहुत पुराना है वर्तमान में यह काफी उपयोगी है और भविष्य में भी इसमें काफी संभावनाएं हैं ' इस संपादित पुस्तक के मुख्य संपादक डॉ.अमर नाथ सिंह ने बताया की इस पुस्तक में पचहत्तर से ज्यादा महत्वपूर्ण शोध आलेख प्रकाशन हेतु प्राप्त हुए हैं जो देश के अलग अलग राज्यों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों द्वारा प्रेषित किये गए हैं ' इस पुस्तक की मुख्य विषय वस्तु लोक वनस्पतिशास्त्र : वर्तमान परिदृश्य एवं भविष्य की संभावनाएं हैं ' वालनट पब्लिकेशन नई दिल्ली द्वारा इसी माह प्रकाशित होने वाली यह पुस्तक आईएसबीएन नामांकित है जो वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध होगी ' इस पुस्तक में प्रकाशित शोध आलेख की सहायता से शिक्षक पदोन्नति में भी लाभ ले पाएंगे ' इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह, संकायाध्यक्ष डॉ. टी.पी. सिंह, सीसी डी सी डॉ. अब्दुस सत्तार एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्य से पलायन रोकना मेरी पहली प्राथमिकता है : संजय प्रसाद यादव

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभागार कक्ष में संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिले के विभागीय पदाधिकारीयों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में श्रम मंत्री श्री यादव ने विभाग अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक को संबोधित करते हुए श्रम मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य से पलायन रोकना मेरी पहली प्राथमिकता है। यहां के युवाओं को झारखंड में ही रोजगार मिले इसकी व्यवस्था की जा रही है। नए उद्योग स्थापित हों इसके लिए इन्वेस्टर्स को आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य से जितने भी मजदूर काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं उनका रजिस्ट्रेशन हो इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।




समीक्षा के क्रम में संथाल परगना में स्थापित आईटीआई कॉलेज की समीक्षा की गई। जिसमें श्रम मंत्री श्री यादव ने बताया कि झारखंड राज्य में प्रतिवर्ष सैकड़ों छात्र आईटीआई कॉलेज के माध्यम से तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य संवारते है। झारखंड राज्य में कुल 74 आईटीआई कॉलेज है और पूरे संथाल परगना में 13 है। इस विषय पर चर्चा करने के उपरांत श्रम मंत्री श्री यादव ने संथाल परगना क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज बढ़ाने की बात की गई। संबंधित पदाधिकारी को इसका प्रस्ताव बनकर आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में सामने आया कि फिटर ट्रेड की डिमांड संथाल परगना में अधिक है पर कॉलेज में सीट की कमी है। जिसपर श्रम मंत्री श्री यादव ने मामले पर संज्ञान लेते हुए इस पर नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु श्रम आयुक्त को निर्देश दिया। रोजगार मेला के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध करने का भी निर्देश दिया गया।

श्रम मंत्री श्री यादव ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत झारखण्ड राज्य के श्रम नियोजन, प्रषिक्षण एवं कौषल विकास विभाग के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा योजना संचालित है। कुल बीनाक्तों की संख्या-8.6 लाख है। राज्य के संगठित औधोगिक प्रतिष्ठानों अथवा अन्य संस्थानों के स्थापना यथा दुकान, होटल, रेस्तरां, सड़क मोटर परिवहन स्थापना, पूर्व दर्षन थियेटरों सहित सिनेमाघर, कामकाजी पत्रकार, सनाचार पत्र स्थापना / व्यक्तियों, न्यासियों सोसाईटियों अथवा संगठनों द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों एवं चिकित्सा संस्थानों, निजी स्वामित्व वाले नर्सिंग होम, निदान केन्द्र, रोग विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड राज्य के सभी नगरपालिका क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के तहत सभी आकस्मिक (उं२४') एवं संविदा (उङ्गल्ल३१ूं३) पर नियुक्त कामगारों तथा ठेकेदारों को इत्यादि में कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 की धारा (1) की उपधारा (5) के तहत कर्मचारी राज्य बीमा योजना व्याप्त किया जाता है। राज्य संगठित औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं अन्य संस्थानों के स्थापना में जहाँ दस या दस से अधिक व्यक्ति नियोजित है एवं उनकी मासिक परिलब्धि रुपए 21,000/- (अधिकतम) या उससे कम है, के कामगारों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना से आच्छादित किया जाता है। संगठित औधोगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य संस्थानों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के व्याप्त करने उपरांत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भारत सरकार के उपक्रम) द्वारा नियोजक एवं नियोजित कर्मचारी से समानुपातिक अंषदान (मासिक परिलब्धि का नियोजक द्वारा 3.25% एवं नियोजित द्वारा 0.75%) प्राप्त कर कर्मचारियों को बीमाकृत किया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत बीमाकृत कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों / परिवारों को राज्यान्तर्गत संचालित कर्मचारी राज्य बीमा योजना / निगम के चिकित्सालयों/अस्पताल एवं टाई अप अस्पतालों के माध्यम से वित्त रहित सभी तरह की चिकित्सा सुविधा एवं चिकित्सा हितलाभ प्रदान की जाती है।

बैठक के उपरांत मंत्री श्री यादव ने कौशल विकास प्राप्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कर उज्वल भविष्य की शुभकामना की।

बैठक में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार, श्रमायुक्त सह निदेशक संजीव कुमार बेसरा, कौशल विकास विभाग के प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कुमार लाल, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा, संथाल परगना के सभी जिलों के श्रम अधीक्षक, नियोजन पदाधिकारी, उपमुख कारखाना निरीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

# रामायणः द लेजेंड ऑफ प्रिंस रामा भारत में इस दिन होगी रिलीज




**गीक** पिक्चर्स इंडिया की फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा, 24 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। गीक पिक्चर्स इंडिया ने घोषणा की है कि यह फिल्म 24 जनवरी पूरे भारत में रिलीज होगी। रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा धमाकेदार अंदाज में वापस आ रही है! इस बार इसे 4के रेमास्टर और बेहतर ऑडियो के साथ पेश किया जाएगा। पहली बार दर्शक इस शानदार कहानी को हिंदी, तमिल और तेलुगु में भी देख पायेगे,साथ ही इसका ओरिजिनल अंग्रेजी वर्जन भी रहेगा। रिलीज से पहले,

## गीक पिक्चर्स इंडिया के को-फाउंडर अर्जुन अग्रवाल ने कहा, रामायण सिर्फ एक कहानी नहीं है, ये एक विरासत है जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित करती आई है।

गीक पिक्चर्स इंडिया 10 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च करने वाली है। गीक पिक्चर्स इंडिया के को-फाउंडर अर्जुन अग्रवाल ने कहा, रामायण सिर्फ एक कहानी नहीं है, ये एक विरासत है जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित करती आई है। हमें गर्व है कि हम इस सबसे पसंदीदा महाकाव्य को फैंस और नई ऑडियंस तक पहुंचा रहे हैं। हमने इंडस्ट्री के बेस्ट लोगों के साथ काम किया है और इसे कई भाषाओं में पेश कर रहे हैं, ताकि ये टाइमलेस कहानी इंडिया के हर कोने तक पहुंचे और दिलों को छू सके। ये सिर्फ एक फिल्म नहीं है, ये हमारी संस्कृति का जश्न है, जो पीढ़ियों को जोड़ता है। इस फिल्म को पूरे भारत में गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट की ओर से डिस्ट्रीब्यूट किया जा रहा है।



# शाहिद कपूर की 'देवा' के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

**शाहिद कपूर** अपनी फिल्म 'देवा' की रिलीज के साथ अपने 2025 की शुरूआत करने जा रहे हैं। निमार्ताओं ने 5 जनवरी को ही फिल्म का टीजर रिलीज किया था, जिसने सभी को हैरान कर दिया था। इसमें शाहिद ने बेहतरीन डांस किया और फिर कुछ एक्शन भी किए। वह फिल्म में एक पुलिस वाले की भूमिका में हैं। अब फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड से भी हरी झंडी मिल गई है।

इस सर्टिफिकेट से पास हुआ फिल्म का ट्रेलरः केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की वेबसाइट के अनुसार, शाहिद कपूर की आगामी फिल्म देवा का थिएट्रिकल ट्रेलर प्रमाणित किया गया है। इसे 'यूए 16+' रेटिंग मिली है और लंबाई 2 मिनट और 22 सेकंड है। बता दें कि देवा में शाहिद के लुक की भी खूब तारीफ हुई थी और लोगों ने इसकी तुलना 'हैदर' से की थी। वहीं, टीजर देखकर लोगों ने अभिनेता के किरदार की तुलना 'कबीर सिंह' से भी कर दी थी।

# सिर पर हैट, मुंह में सिगार यश की धमाकेदार एंट्री



**रॉकिंग** स्टार यश के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म टॉक्सिक झ्र ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स से मजेदार बर्थडे पीक रिलीज किया गया है। रॉकिंग स्टार यश आज 39 वर्ष के हो गए। उनके जन्मदिन पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक झ्र ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स से बर्थडे पीक वीडियो रिलीज किया गया है। बर्थडे पीक में यश सफेद सूट, फेडोरा और हाथ में सिगार लिए बेहद शान के साथ एंट्री करते हैं। जैसे ही यश अपना जलवा बिखेरते हैं, हर नजर उन पर टिक जाती है।

यश और टॉक्सिक की दुनिया बनाने के बारे में निर्देशक गीतू मोहनदास ने कहा,टॉक्सिक-ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स एक ऐसी कहानी है, जो परंपराओं को तोड़ती है और हमारे भीतर की हलचल को जगाने का वादा करती है। आज, जब हम अपनी फिल्म की पहली झलक पेश कर रहे हैं, हम यश का भी जश्न मना रहे हैं। एक ऐसा इंसान जिसे देश उसके विजन और स्वैग के लिए सराहता है। मैंने उनकी प्रतिभा को करीब से देखा है। वेंकट के. नारायण और यश द्वारा केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत संयुक्त रूप से निर्मित, टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का निर्देशन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित फिल्म निमार्ता गीतू मोहनदास ने किया है।

# बेटे की लवयापा हिट हुई तो स्मोकिंग छोड़ देंगे आमिर खान



**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेशनिस्ट आमिर खान का कहना है कि यदि अपने बेटे जुनैद खान और बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की आने वाली फिल्म लवयापा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करती है तो वह स्मोकिंग छोड़ देंगे। जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का टाइटल ट्रैक हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसे लोग पसंद कर रहे हैं। सिर्फ 24 घंटे के अंदर इस गाने ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और हर प्लेटफॉर्म पर मिलाकर 15 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं। जहां सभी की निगाहें फिल्म लवयापा पे लगी हुई हैं, वहीं आमिर खान ने एक मन्नत मांगी है।

आमिर ने कहा है कि यदि उनके बेटे जुनैद खान की फिल्म लवयापा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करती है तो वह स्मोकिंग छोड़ देंगे। ये सच में एक पिता का अपने बेटे के लिए बेहद प्यारा और निस्वार्थ प्यार है, और उनकी उम्मीद है कि उनका बेटा अपने करियर में सफलता हासिल करे।कहा जा रहा है कि आमिर खान 10 जनवरी को फिल्म लवयापा का ट्रेलर लॉन्च करेंगे। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म ह्यलवयापाह्न 07 फरवरी को रिलीज होगी।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने बुमराह को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया



**नई दिल्लीः** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने जसप्रीत बुमराह को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रदर्शन के बाद अब तक का सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट (टेस्ट, टी-20 और वनडे) तेज गेंदबाज करार दिया है। क्लार्क ने कहा कि इस सीरीज के खत्म होने के बाद जब मैं बुमराह के प्रदर्शन के बारे में सोच रहा था, तो मुझे लगा कि वह तीनों फॉर्मेट में अब तक के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मैं बहुत से महान तेज गेंदबाजों को जानता हूं, जैसे कर्टली एम्ब्रोस, ग्लेन मैक्ग्रा लेकिन उन्होंने टी-20 क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए मैं उनके बारे में बात नहीं कर रहा, लेकिन जिन खिलाड़ियों ने भी तीनों फॉर्मेट खेले हैं, उनमें बुमराह सबसे बेहतरीन हो सकते हैं। वह हर परिस्थिति में हर फॉर्मेट में शानदार हैं। यही उन्हें महान बनाता है।

# 34वें दिन भी पुष्पा 2 की बादशाहत है जारी

**साउथ सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल स्टारर पुष्पा 2ः द रूल रिलीज के एक महीने बाद बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है. सुकुमार की ओर से निर्देशित एक्शन थ्रिलर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म के हिंदी वर्जन ने स्त्री 2, जवान और एनिमल जैसी फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2ः द रूल ने 34वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कथित तौर पर 2.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। जिसके बाद इसकी टोटल कमाई 1210 करोड़ हो गई। वहीं वर्ल्डवाइड मूवी ने 1800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।



# क्रिकेटर मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास




**एजेंसी/ वेलिंग्टनः** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 38 वर्षीय गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 14 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला। 2009 से 2022 तक मार्टिन गप्टिल ने न्यूजीलैंड के लिए 367 मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 23 इंटरनेशनल शतक भी लगाए। मार्टिन ने व्हाइट बॉल क्रिकेट में कई रिकॉर्ड तोड़े और बनाए हैं, जिसे तोड़ना काफी मुश्किल है। गप्टिल न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 122 मैचों में 3521 रन बनाए हैं। वनडे विश्व कप में एक मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड गप्टिल के नाम है। उन्होंने 163 गेंदों में 24 चौके और 11 छक्कों की मदद से नाबाद 237 रन बनाए। यह वनडे क्रिकेट में किसी कीवी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय संन्यास के बाद कहा कि एक युवा बच्चे के रूप में न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरा सपना था और मैं अपने देश के लिए 367 मैच खेल पाया उसके लिए मैं अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता हूं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# पाकिस्तान से छिन सकती है चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

,1

**एजेंसी/इस्लामाबादः** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले बड़ी जानकारी सामने आ रही है। दरअसल पाकिस्तान से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छीन सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक पाकिस्तान के तीन स्टेडियमों का काम पूरा नहीं हो सका है। इन स्टेडियमों का निर्माण चल रहा है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के तीन स्टेडियमों का निर्माण अगस्त, 2024 में शुरू हुआ था, इसे 31 दिसंबर तक पूरा कर लेना था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। इन बदतर इंतजामों का खामियाजा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भुगतना पड़ सकता है।




लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से हाथ धोना पड़ सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छीनती है तो संयुक्त अरब अमीरात को मेजबानी का मौका मिल सकता है।

हालांकि, इससे पहले आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अल्टीमेटम दिया है, जिसमें कहा गया है कि हर हाल में अधूरे स्टेडियम के कामों को 25 जनवरी तक पूरा कर लेना होगा। इसके बाद आईसीसी के अधिकारी इन स्टेडियमों का जायजा लेंगे। फिर वह अपनी रिपोर्ट में बताएंगे कि स्टेडियम टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है या नहीं। वहीं पीसीबी ने स्टेटमेंट रिलीज करते हुए कहा कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रिनोवेशन वर्क लगभग पूरा होने वाला है। इसलिए बोर्ड ने दोनों वेन्यू को वनडे ट्राई सीरीज की मेजबानी दे दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ईडी ने क्रिकेट और टेनिस की सट्टेबाजी के मामले में 3.36 करोड़ का सोना किया जब्त

**भोपालः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इंदौर इकाई ने क्रिकेट और टेनिस की अवैध सट्टेबाजी के मामले के एक आरोपी के बैंक लॉकर से करीब 3.36 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त किया है।

ईडी की ओर से बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, सट्टेबाजी के मामले के आरोपियों में शामिल संजय अग्रवाल के बैंक लॉकर की मंगलवार को ली गई तलाशी के दौरान 3.50 किलोग्राम सोने की विदेशी मार्किंग वाली सिल्लियां और 750 ग्राम वजनी आभूषण मिले जिनकी कुल कीमत 3.36 करोड़ रुपये के आस-पास है।

विज्ञप्ति में बताया गया कि ईडी ने सट्टेबाजी को लेकर उज्जैन पुलिस की दर्ज प्राथमिकी के आधार पर इस मामले की जांच शुरू की थी। विज्ञप्ति के मुताबिक, ईडी की जांच में पता चला कि पीयूष चोपड़ा नाम के एक व्यक्ति ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदे गए सिम कार्ड का उपयोग करके बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी गिरोह चलाया और अवैध कमाई की।

विज्ञप्ति में बताया गया कि ईडी ने क्रिकेट और टेनिस की अवैध सट्टेबाजी के इस मामले में पिछले साल 12 दिसंबर को इंदौर, उज्जैन और लुधियाना में पांच स्थानों पर छापे मारे थे।

### शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द भारत ने बढ़ा दिया वीजा



**एजेंसी/ ढाकाः** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने जुलाई में हुई हिंसा की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद्द कर दिया है। इसमें से 22 पासपोर्ट जबरन गायब किए गए लोगों के हैं, जबकि शेख हसीना सहित 75 लोगों के पासपोर्ट जुलाई में हुई हत्याओं में शामिल होने के कारण रद्द किए गए। शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द होने के कुछ देर बाद ही भारत सरकार ने उनका वीजा बढ़ा दिया। इससे साफ हो गया है कि भारत हसीना को बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं करेगा। इससे पहले छह जनवरी को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी हसीना को डिपोर्ट करने के लिए भारत से अपील कर चुकी है।

### अब घरेलू एयरलाइंस को साझा करना पड़ेगा मौसम का डाटा



**नई दिल्लीः** सरकारी घरेलू एयरलाइनों के लिए टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान विमान द्वारा कैप्चर किए गए मौसम डाटा को भारतीय मौसम विज्ञान के साथ साझा करना अनिवार्य बनाने की योजना पर केंद्र सरकार काम कर रही है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि उनका मंत्रालय इस मामले को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है।

एक साल के भीतर घरेलू एयरलाइनों के लिए मौसम डाटा प्रदान करना अनिवार्य कर दिया जाएगा। यह न केवल एयरलाइन परिचालनों के लिए, बल्कि हर जगह मौसम के पूवार्नुमान के लिए भी बहुत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि मौसम का पूवार्नुमान एकत्र किए गए ऑब्जर्वेशन पर निर्भर करता है।

### मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ अभयारण्य में मृत पाया गया बाघ

**भोपालः** मध्यप्रदेश में उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में बुधवार को दो वर्षीय बाघ मृत पाया गया। अभयारण्य के उप निदेशक प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि गश्त कर रही टीम ने खितोली इलाके में बाघ को मृत देखा। उन्होंने कहा कि प्रथम द्दष्टया ऐसा संदेह है कि बाघ की मौत दूसरे बाघ के साथ संघर्ष के कारण हुई।

### प्रवासी भारतीय हमारी ताकत, देश की संस्कृति का हो रहा प्रचार : जयशंकर



**एजेंसी/ भुवनेश्वरः** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारी ताकत हैं। उन्होंने न केवल भारत की संस्कृति और मूल्यों को विश्वभर में प्रचारित किया है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक प्रगति में भी योगदान दिया है। डा. जयशंकर ने बुधवार को ओडिशा में शुरू हुए तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। विदेश मंत्री ने कहा की देश में हमने अभी-अभी अमृत काल में विकसित भारत की यात्रा की शुरूआत की है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ी से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। आखिरकार, इसी अवधि में वे समाज की अग्रिम पंक्तियों में आएंगे और हमारे देश का नेतृत्व करेंगे। हमारी कोशिशों का एक बड़ा हिस्सा युवा पीढ़ी को सही प्रेरणा देने का है, ताकि वे अपनी प्रयासों को तेज कर सकें।

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारों के काम करने का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने देश को चलता है से होगा कैसे नही वाला एटिट्यूड दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि विकास के लिए दो पैरों की आवश्यकता है झ्र एक आत्मनिर्भरता और दूसरा सामूहिक प्रयास। हमारे देश में मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों ने न केवल युवाओं को स्वावलंबी बनने का अवसर दिया है, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने की शक्ति भी दी है।

## अमेरिका के लॉस एंजिलिस के जंगलों में भीषण आग

# हजारो घर जलकर हुए खाक, अब तक 5 की मौत

### हॉलीवुड की कई हस्तियों के बंगले जले

**एजेंसी/लॉस एंजिलिस :** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लॉस एंजिल्स के नजदीक जंगलों में लगी आग ने अब भयावह रूप ले लिया है। इस आग से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही 30000 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। इसके अलावा हजारों इमारतें इस आग की चपेट में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पहले यह आग पेसिफिक पैलिसेड्स, ईटन और हर्स्ट के जंगलों में लगी जिसके बाद ये रिहायशी इलाकों में फैलने लगी। आग से एक हजार से अधिक घर नष्ट हो गए।



हॉलीवुड सितारों के बंगले जलकर खाक हो गए हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों के लिए भागना पड़ा। लोगों ने अपने वाहन छोड़ दिए, लोग पैदल भागते नजर आए और सड़कों पर जाम लग गया। लास एंजेलिस काउंटी में लगभग 1,88,000 घरों बिजली गुल रही। लॉस एंजिलिस के अग्निशमन प्रमुख क्रिस्टन क्रोले ने कहा कि हम अभी खतरे से कतई बाहर नहीं हैं। हजारों अग्निशमन कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए थे। मंगलवार शाम लास एंजिलिस के उत्तर-पूर्व में स्थित एक प्रकृति संरक्षण क्षेत्र के पास आग लगी और जल्द ही 2,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई।

कुछ घंटे पहले शुरू हुई एक और आग ने शहर के पैसिफिक पालिसैड्स के नजदीकी 5,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया जो समुद्र तट से लगा एक पहाड़ी क्षेत्र है। यह सांता मोनिका और मालिबू के बीच स्थित है। यहां कई फिल्म, टेलीविजन व संगीत सितारे और धनी एवं विख्यात लोग रहते हैं। इस क्षेत्र को 1960 के आसपास की हिट सर्फिन यूएसए में बीच बायज के लिए याद किया जाता है। आग के कारण भागने को मजबूर लोगों में जेमी ली कर्टिस, मार्क हमिल, मैंडी मूर और जेम्स बुड्स जैसे सितारे शामिल हैं। सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की हड़बड़ी में लोगों के छोड़े वाहनों के कारण पॉलिसैड्स ड्राइव पर जाम लग गया और आपात सेवा के वाहनों के लिए बुलडोजर से कारों को किनारे कर रास्ता बनाया गया। 56 वर्षों से पॉलिसैड्स निवासी विल एडम्स ने कहा कि वहां रहते हुए उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। उन्होंने देखा कि जैसे ही घर जलने लगे, आकाश भूरा और फिर काला हो गया। लॉस एंजिलिस में रहने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने वहां के निवासियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। उम्मीद है कि हम सभी आज रात सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने आग का वीडियो भी पोस्ट किया।

## भारतीय रेलवे ने रचा इतिहास, कश्मीर के लिए 110 की स्पीड से दौड़ी पैसेंजर ट्रेन, अंतिम ट्रायल सफल




**एजेंसी/कटराः** जम्मू-कश्मीर में कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेन के अंतिम सफल ट्रायल के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन देश के सबसे ऊंचे पुल (चिनाब ब्रिज) पर दौड़ती नजर आई। उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने बुधवार को यह बात कही। देशवाल की इस टिप्पणी को कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवाओं की जल्द शुरूआत के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि, यात्रियों को अभी थोड़ा इंतजार करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण पूरा होने के बाद जुटाए गए डाटा का विश्लेषण करेंगे, जिसके बाद ही केंद्र इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को शुरू करने के बारे में कोई फैसला लेगा। कटरा रेलवे स्टेशन से रवाना तेज गति ट्रेन के सफलतापूर्वक बनिहाल पहुंचने के बाद देशवाल ने कहा कि उनकी टीम कटरा लौटेगी और कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले सभी एकत्रित डाटा का विश्लेषण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 180 डिग्री के कोण पर बढ़ते ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के सफल परीक्षण ने रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। परीक्षण सुचारू रहा। हम इससे पूरी तरह से संतुष्ट हैं। इसका श्रेय हमारे इंजीनियरों को जाता है, जिन्होंने इतना शानदार काम किया है। सीआरएस के मुताबिक, परीक्षण ट्रेन सुबह 10:30 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई और डेढ़ घंटे में बनिहाल स्टेशन पहुंची। उन्होंने बताया कि ट्रेन ने दोपहर दो बजे कटरा के लिए वापसी की यात्रा शुरू की। नवनिर्मित रेलवे लाइन के दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण के लिए कटरा पहुंचे देशवाल ने कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल सेवाएं शुरू करने पर अंतिम फैसला केंद्र सरकार लेगी।




### फिर पटरी पर लौटे भारत-मालदीव के रिश्ते, बढ़ाएंगे समुद्री सुरक्षा साझेदारी

**नई दिल्लीः** भारत और मालदीव के रिश्ते एक बार फिर से पटरी पर लौट गए हैं। मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई थी, लेकिन आर्थिक झटका लगने से शुरू हुए बुरे वक्त के बाद मालदीव बैकफुट पर आ गया। अब मालदीव सरकार के मंत्री भारत के चक्कर लगा रहे हैं। विदेश मंत्री हालिया दौरे के बाद अब मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून भी भारत पहुंचे हैं, जिसके बाद उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने मालदीव के अपने समकक्ष के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में मालदीव के साथ संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की दिशा में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच स्थायी आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, भाषाई और जातीय संबंधों पर जोर दिया और संबंधों को घनिष्ठ, सौहार्दपूर्ण और बहुआयामी बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि मालदीव भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के तहत एक विशेष स्थान रखता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक रणनीतिक ढांचा है। मजबूत रक्षा सहयोग बातचीत का अहम मुद्दाः हिंद महासागर में सुरक्षा बनाए रखने में दोनों देशों की साझा भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देश हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा और संरक्षा बनाए रखने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

# 2024 में घरों की बिक्री में 7% की बढ़ोतरी मुंबई में खरीदे गए सबसे अधिक घर

**मुंबई :** भारत में अचल संम्पत्ति बाजार के रुझानों पर नाइट फ्रैंक इंडिया की मंगलवार को रिपोर्ट इंडिया रियल एस्टेटः रेजिडेंशियल एंड ऑफिस (जुलाई-दिसंबर 2024) के अनुसार इस वर्ष देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना स्तर पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12 साल के उच्चतम स्तर 3,50,613 इकाइयों पर पहुंच गई है। वर्ष के दौरान हैदराबाद और पुणे में यह बिक्री सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रही, जबकि मुंबई में 96,187 इकाइयों की बिक्री हुई, जो पिछले 13 वर्षों का रिकॉर्ड है। मुंबई का देशभर की कुल बिक्री में 27 प्रतिशत योगदान रहा। इस दौरान एनसीआर-दिल्ली में घरों की बिक्री में थोड़ी गिरावट देखने को मिली। वर्ष 2024 में यहां चार प्रतिशत सालाना गिरावट दर्ज की गई। दो से पांच करोड़ के मकानों की बाजार ने शानदार बढ़त दर्ज की है। इस खंड में वृद्धि सालाना स्तर पर 85 प्रतिशत रही। इस दौरान हालांकि कम कीमत वाले (50 लाख रुपये से कम के और 50 लाख-एक करोड़ रुपये तक के) बाजार खंड में बिक्री में थोड़ी गिरावट आई है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि नए प्रोजेक्ट लॉन्च भी छह प्रतिशत बढ़े, जिनमें 3,72,936 फ्लैट पेश किए गए। अकेले मुंबई में 96,470 नए मकान पेश किए गए। बाजार की स्थिरता का संकेत क्वार्टर-टू-सेल (क्यूटीएस) अनुपात में सुधार से मिलता है जो वर्तमान दर पर बचे हुए मकानों की बिक्री के लिए लगने वाली अनुमानित तिमाहियों का संकेतक है। यह अनुपात 2021 की पहली छमाही में 9.5 प्रतिशत था और अब घटकर 2024 की दूसरी छमाही में 5.8 प्रतिशत रह गया है।

**घरों की कीमतों में भी हुई बढ़ोतरीः** नाइट फ्रैंक इंडिया का कहना है कि बिक्री की तेज रफ्तार के चलते सभी प्रमुख बाजारों में कीमतों में बढ़ोतरी हुई, जिसमें बेंगलुरु में 12 प्रतिशत की सालाना वृद्धि सबसे ज्यादा रही। यह रिपोर्ट भारत के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निरंतर विकास और मजबूती को दशार्ती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा, ह्लवर्ष 2020 के बाद से आवासीय बाजार में तेजी से सुधार हुआ है, और 2024 में यह 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। प्रीमियम घरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि उपभोक्ता अब बेहतर सुविधाओं और हाई-एंड लाइफस्टाइल की चाहत रखते हैं। बाजार में स्थिर आर्थिक स्थिति और ब्याज दरों ने भी इस रुझान को मजबूत किया है। नए साल में यह गति बनी रहेगी और हम बाजार में और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

**मुंबई में बिके सबसे अधिक घरः** रिपोर्ट के अनुसार मुंबई 2024 में देश में सबसे बड़ा आवासीय बाजार बना रहा और वहां बीते साल 13 वर्षों की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। देशभर में हुई कुल बिक्री में मुंबई का योगदान 27 प्रतिशत है। हैदराबाद और पुणे ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां क्रमशः 36,974 और 52,346 इकाइयों की बिक्री हुई। कोलकाता ने 16 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ सबसे अधिक प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, जबकि अहमदाबाद में 15 प्रतिशत और मुंबई में बिक्री में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री में थोड़ी गिरावट देखने को मिली। वर्ष 2024 में यहां चार प्रतिशत सालाना गिरावट दर्ज की गई। यह रिपोर्ट भारत के आवासीय रियल एस्टेट बाजार में सकारात्मक रुझान और उपभोक्ताओं की बढ़ती दिलचस्पी को दशार्ती है।

नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा है कि 2020 से आवासीय बाजार में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहरों में स्टाम्प ड्यूटी में छूट जैसी सरकारी नीतियों ने इस बढ़त को सहारा दिया। हालांकि, असली वजह यह थी कि लोग अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए घर खरीदने लगे। महामारी के दौरान घर में रहने और काम करने की बढ़ती जरूरतों ने लोगों को ऐसी जगहों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया, जो उनके जीवन को आरामदायक और बेहतर बना सकें।

रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान देश में अचल संम्पत्ति के इन आठ प्रमुख बाजारों में मकानों की बढ़ती मांग के साथ ही निर्माण गतिविधियां भी तेज हुई है। वर्ष 2022 से शुरू होने वाले नए प्रोजेक्ट्स की संख्या ने बिक्री को भी पीछे छोड़ दिया। वर्ष 2024 में आवासीय लॉन्च छह प्रतिशत बढ़कर 3,72,936 इकाइयों तक पहुंच गए, जो पिछले 12 सालों में सबसे अधिक हैं। बाजार का नया रुझान महंगे घरों (एक करोड़ रुपए और उससे अधिक) की श्रेणी में नई परियोजनाओं की घोषणाओं में तेजी दशार्ता है।

### अब बच्चे को जन्म देने पर महिलाओं को मिलेंगे 8.5 लाख रुपये

**कारेलिया/एजेंसीः** जापान से लेकर चीन तक कई देशों में बर्थ रेट तेजी से गिर रही है। बुजुर्गों की आबादी बढ़ती जा रही है। ऐसे में बच्चे पैदा करने के लिए जापान जैसे देश तीन दिन की छुट्टी दे रहे हैं, तो वहीं रूस ने भी एक अनोखा तरीका अपनाया है। रूस के कारेलिया में 25 वर्ष से कम उम्र की छात्राओं को स्वस्थ बच्चे को जन्म देने पर 100,000 रूबल (लगभग 81,000 रुपये) की पेशकश की गई है। यह योजना 1 जनवरी से प्रभावी है। इसमें केवल वही महिलाएं पात्र होंगी, जो स्थानीय विश्वविद्यालय या कॉलेज में नियमित छात्रा हो, 25 वर्ष से कम उम्र की हो और कारेलिया की निवासी हो। इसके अलावा एक रीजन में तो महिलाओं के लिए ये रकम 8.5 लाख रुपए है। क्षेत्रीय कानून के अनुसार यह योजना उन माताओं पर लागू नहीं होगी, जो मृत शिशुओं को जन्म देती हैं। हालांकि, इसमें यह उल्लेख नहीं है कि यदि बच्चा जन्म के बाद अचानक मृत्यु का शिकार हो जाता है, तो भुगतान की स्थिति क्या होगी। इसी प्रकार, यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि यदि बच्चा किसी दिव्यांगता के साथ जन्म लेता है, तो मां इस भुगतान के लिए पात्र होगी या नहीं। बता दें कि कारेलिया ऐसा करने वाला अकेला क्षेत्र नहीं है। रूस के कम से कम 11 अन्य क्षेत्रीय सरकारें भी छात्राओं को बच्चे को जन्म देने के लिए प्रोत्साहन राशि देती हैं।

न्यूज ब्रीफ

## धनबाद कोर्ट और जेल परिसर की सुरक्षा का एसएसपी ने लिया जायजा



**धनबाद:** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने बुधवार की देर रात धनबाद व्यवहार न्यायालय और मंडल कारा में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसएसपी ने धनबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसएसपी न्यायालय परिसर, कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाली सड़क, न्यायालय परिसर की इंट्री और निकासी गेट, चहारदीवारी की ऊंचाई आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसएसपी ने मंडल कारा और कोर्ट परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सुरक्षा से जुड़े कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खासकर मंडल कारा से पेशी के लिए कोर्ट लाए जाने और पेशी के बाद मंडल कारा वापस पहुंचाने के दौरान बंदियों पर विशेष नजर रखने और बंदियों से मिलने वाले मुलाकातियों पर भी पैनी निगाह रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को 24 घंटे निरंतर वॉच टावर से निगरानी रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात कर्मियों से कहा कि आंगतुकों की मेटल डिटेक्टर से तलाशी जरूर लें। साथ ही परिसर में आने वाले वाहनों की जांच करें और सीसीटीवी के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखें।

कचहरी रोड में होटल रत्न विहार से लेकर रणधीर वर्मा चौक तक नो पार्किंग जोन घोषित करने का भी एसएसपी ने निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों से कहा कि सड़क किनारे लगने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें।

## जमशेदपुर के अपराधियों का गिरिडीह कनेक्शन की पड़ताल, धनवार के प्रदीप से 46 दफा हुई थी बात



**गिरिडीह:** धनवार के एक स्थान में हुई डकैती और एक जगह पर हुई लूट की घटना का उद्भेदन गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार की टीम ने कर लिया है। इस मामले में अभी तक 9 अपराधियों को जेल भेजा गया है। बड़ी बात है कि इन दोनों कांडों का मास्टरमाइंड से लेकर 6 शातिर अपराधी जमशेदपुर के हैं। एक गिरिडीह के धनवार का तो एक चाईबासा का अपराधी पकड़ा गया। सभी केंद्रीय कारा भेजे जा चुके हैं। अब गिरिडीह पुलिस जमशेदपुर के इन अपराधियों के लोकल कनेक्शन की पड़ताल कर रही है।

एसपी के निर्देश पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने नेतृत्व में धनवार थाना प्रभारी सतेंद्र पाल की टीम पूरी छानबीन में जुटी है। अभी तक के छानबीन में पुलिस को प्रदीप ठठेरा के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। प्रदीप ठठेरा धनवार का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार है। पुलिस प्रदीप को निरंतर खोज रही है।

## भू-अर्जन पदाधिकारी हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई




लोहरदगा। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी श्री सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। आज गुरूवार को इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा श्री सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।"उपायुक्त, लोहरदगौ ने इस मौके पर कहा कि श्री सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा। सेवानिवृत्ति नौकरी के स्वभाविक प्रक्रिया है जिससे सभी नौकरीपेशा के लोगों को सामना करना ही पड़ता है। उपायुक्त ने श्री सामंता के बेहतर स्वस्थ जीवन की कामना की।

"उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावतै ने कहा कि श्री सामंता का व्यक्तित्व बेहद सरल और शांत रहा। इनके कार्यकाल में बेहतर कार्य लोहरदगा जिला में हुआ। उप विकास आयुक्त रहते हुए इन्होंने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये। वहीं भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में भी इन्होंने बेहतर कार्य किया। सेवानिवृत्त पदाधिकारी जय ज्योति सामंतौ ने कहा कि अपने जीवन में पश्चिम बंगाल और बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी करने का अवसर मिला और अनुभव बेहद शानदार रहा। वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों का बहुत सानिध्य प्राप्त हुआ और सभी से कुछ ना कुछ बेहतर सीखने का मिला। जीवन में जो सफलता मिली वह सभी के सहयोग से ही संभव हो सका। सेवाकाल के दौरान अपने स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति आयी लेकिन अपने कार्य संपादन को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। आज के कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री सामंता के मिलनसार प्रवृत्ति व स्वभाव की प्रशंसा की। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# डीआईजी अजय लिंडा की उत्कृष्ट कार्य ही उनकी सशक्त पहचान है

विनय मिश्रा



भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय ,कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी की बात चलती है तो अजय लिंडा का नाम स्वतः ही जुबां पर चला आता है अपने बेहतर कार्य प्रणाली एवं उपलब्धि के फल स्वरुप श्री लिंडा पूरे राज्य में लोकप्रिय आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के अधिकारी श्री लिंडा के नाम यह भी रिकॉर्ड है कि वह राज्य के सर्वाधिक जिला में पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापित रहे हैं ।

श्री लिंडा जमशेदपुर के सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी के साथ-साथ पाकुड़, गोड्डा ,लातेहार ,पलामू के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम जिला के लोकप्रिय पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं ।

श्री लिंडा के पश्चिम सिंहभूम में पुलिस कप्तान रहते उनकी पदोन्नति हुई और वे कोल्हान के डीआईजी बनाए गए डीआईजी के रूप में उनके द्वारा इस प्रमंडल में किए गए कार्य अपने आप में आज भी उपलब्धि और कामयाबी के रूप में पहचाने जाते हैं ।

श्री लिंडा की यह विशेषता रही कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सघन परिभ्रमण के साथ-साथ लोगों के साथ सीधा संवाद कर तथा ग्रामीणों के बीच पुलिस की छवि को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया और उसमें वह सफल भी रहे मानकी मुंडा के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना और उन्हें सम्मानित करना तथा मेधावी छात्रों को भी उनके द्वारा जिस प्रकार से प्रोत्साहित किया गया वह अपने आप में एक रिकॉर्ड है और पुलिस की छवि को बेहतर बनाने में भी वह सफल रहे इसी का यह परिणाम रहा की श्री लिंडा पश्चिम सिंहभूम जिला के पुलिस कप्तान के रूप में काफी लोकप्रिय और डीआईजी के रूप में भी उनकी विशिष्ट कार्य शैली हमेशा लोगों के बीच प्रशंसनीय रहा ।

वर्तमान समय में श्री लिंडा ने गृहरक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं रांची डीआईजी के रूप में एक मार्च 2024 को पदभार ग्रहण किया और अपने महज दस माह के कार्यकाल में इन्होंने विभाग को बेहतर गति और उपलब्धि भी दिलाई है जिससे विभाग को एक बेहतर पहचान भी मिली है ऐसे कुशल और कर्मठ आईपीएस से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित नयें समाहरणालय गुमला में गणतंत्र दिवस समारोह को गारिमामय तरीके से मनाए जाने के लिए बुधवार को गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की गई।




उपायुक्त ने 26 जनवरी को जिला स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल पर सफाई, पेयजल, बिजली, टेन्ट, माईक, बैठक, सुरक्षा एवं परिवहन की आवश्यक व्यवस्थाएं करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं शहर के प्रमुख स्थलों, विभिन्न कार्यालयों सहित समाहरणालय में विशेष एवं आकर्षक रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में चिकित्सा कर्मियों को एम्बुलेंस के साथ उपस्थित रहने को कहा। उन्होंने समारोह स्थल की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त जाप्ता लगाने एवं परेड रिहर्सल आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बच्चों को कराने वाले परेड की रिहर्सल के दौरान बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन, पशुपालन विभाग एवं नगर परिषद आदि विभागों के अधिकारियों को झांकियों के प्रदर्शन संबंधी निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक पीडीआईटीडीए गुमला, निदेशक ऊ्रूऊअ, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता ,सहित अन्य सम्बंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## डीसी ने की कल्याण विभाग की समीक्षा

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में आज बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।




उपायुक्त ने छात्रवृत्ति योजना के तहत शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन विद्यालयों से अब तक पंजीकरण नहीं किया गया है, उनके प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित किया जाएगा।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी 12 आवासीय विद्यालयों की भौतिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल, बिजली, भवन की स्थिति, विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाएं, यूनिफॉर्म वितरण, और स्वास्थ्य जांच जैसे मुद्दों पर निर्देश दिए। नए एडमिशन वाले विद्यार्थियों का स्वास्थ्य कार्ड बनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विद्यालयों में जर्जर भवन, शौचालय और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने छोटे-छोटे लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के साथ-साथ सभी आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए डाइनिंग टेबल उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया।

डुमरी जलापूर्ति योजना और अंजन ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों से वन विभाग की अनुमति और अन्य क्लियरेंस में तेजी लाने को कहा। बैठक में साइकिल वितरण योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने शत-प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जेटीडीएस और पीवीटीजी समुदाय के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ढश्ळक्ष् गांवों में स्वास्थ्य जांच और रिपोटिंग में सटीकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पीवीटीजी समुदायों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता),कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, कार्यपाल अभियंता माइनर इरीगेशन , शिक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुआं में गिरने से नीलगाय की मौत

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के करगे गांव में बुधवार को एक खेत पर बने कुएं में गिरने से नीलगाय की मौत हो गई। यह घटना तब प्रकाश में आई जब दोपहर करीब 1 बजे ग्रामीणों ने कुएं के अंदर नीलगाय को फंसा हुआ देखा। इस घटना की सूचना जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण कुएं के पास जुट गए। ग्रामीणों ने तुरंत मांडर वन विभाग को सूचना दी, लेकिन वन विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंची। इससे निराश होकर स्थानीय लोग खुद ही नीलगाय को बचाने के प्रयास में जुट गए। घंटों की मेहनत के बावजूद नीलगाय को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका। पानी में लंबे समय तक रहने के कारण नीलगाय की मृत्यु हो गई।घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग की देरी को लेकर भारी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग समय पर पहुंच जाता, तो नीलगाय की जान बचाई जा सकती थी। कुछ लोगों ने यह भी संभावना व्यक्त की कि धुंध की वजह से नीलगाय जंगल से भटककर खेत में आ गई होगी और अनजाने में कुएं में गिर गई। काफी देर बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

### हाथियों के उत्पात से दहशत में ग्रामीण

## फसलों और घरों को बचाने के लिए कर रहे रतजगा



मेट्रो रेज संवाददाता

**खूंटीः** वन प्रमंडल के कर्रा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण एक सप्ताह से रतजगा कर रहे हैं। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद गांव से बाहर हाथों में डंडे और खुद के खर्चे से पटाखा और मशाल लेकर रात गुजारने को मजबूर हैं, क्योंकि क्षेत्र में हाथियों का आतंक है। अपनी खेतों और खलिहानों में रखे अनाजों को बचाने के लिए ग्रामीण रात भर जाग रहे हैं।

पिछले एक महीने से हाथियों का झुंड वन प्रमंडल क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। खासकर तमाड़, बुंडू, सोनाहातू इलाके और कर्रा के जरियागड़ क्षेत्रों में मौजूद है। झुंड से बिछड़कर दो से तीन हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। खेतों में लगी फसलों को खाने से ज्यादा बर्बाद करना और खलिहानों में रखे अनाजों को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

इतना ही नहीं हाथियों के झुंड ने घरों को भी क्षतिग्रस्त किया है, जिसके कारण ग्रामीणों का रात में सोना मुश्किल हो रहा है। शाम होते ही ग्रामीण अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। हाथी शाम होते ही जंगलों से निकलकर गांवों की ओर कूच कर जाते हैं। साथ ही घूमते-घूमते शहरी इलाकों तक भी पहुंच जा रहे हैं।

बीते बुधवार को तीन हाथियों का समूह तोरपा के शहरी इलाके में पहुंच गया था। इस दौरान एक स्कूल सहित कई अन्य लोगों के घरों की दीवारों को तोड़ दिया। कर्रा प्रखंड क्षेत्र के जरियागढ़ इलाके के जरियागड़, गुस्सा टोली, रेहरगढ़ा, मुरुचकेल, नगड़ा, होचोर, गारी, लापा रेगरे, बकसपुर, चुरले, सिमटीमड़ा सहित अन्य गांवों में हाथियों के झुंड से बिछड़े तीन हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण फसलों एवं घरों को बचाने के लिए रात जागकर गांव की पहरेदारी करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने खुद के खर्चे से हाथी भगाने के उपकरण खरीदे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जितना उपकरण खरीदे हैं उससे हाथी भगाने में मुश्किल जरूर होती है लेकिन हाथी भाग जाता है। गांव वालों ने वन विभाग से अपील की है कि गांव में हाथी भगाने का उपकरण उपलब्ध कराए। टॉर्च, मोबिल, तेल, मशाल सहित पटाखा देने की गुहार लगाई है। रेंजर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों पर विभाग नजर बनाए हुए है। हाथियों को उसके कॉरिडोर की तरफ भेजने का प्रयास भी जारी है। उन्होंने ग्रामीणों से रात में घरों से बाहर न निकलने की अपील की है।

## गढ़वा में बाघ ने लोगों का घर से निकलना किया मुश्किल



मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वाः** जिले के भंडरिया वन क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड स्थित होमिया गांव के लोग बाघ के भय से दहशत में हैं। शाम होते ही लोग अपने परिवार के साथ घरों में दुबक जा रहे हैं। लोगों को सुबह-शाम अपने घरों में ही रहना पड़ रहा है, क्योंकि इस दौरान बाघ विचरण कर रहा होता है।

दरअसल, इस गांव में दहशत उस समय और बढ़ गई, जब बाघ ने दो मवेशियों को मार डाला। यह घटना उस समय हुई, जब लोग अपने मवेशियों को जंगल में चरने के लिए छोड़ गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ के डर से वे जंगल नहीं जा रहे हैं। अगर जंगल जा भी रहे हैं, तो अकेले नहीं, बल्कि समूह में जा रहे हैं।

वन विभाग बाघ का पता लगाने में जुटा है। वन विभाग की टीम जंगलों में पहुंचकर बाघ के बारे में पता लगा रही है, बाघ के पदचिह्नों की तलाश की जा रही है। वन विभाग की टीम दिन हो या रात उन गांवों में जा रही है, जहां बाघ के होने की आशंका है। उन गांवों में माइक के जरिए ग्रामीणों को जंगल में न जाने और शाम होने से पहले जंगल छोड़कर घर आने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को चेतावनी भी दी जा रही है कि अगर उन्हें बाघ दिखे या वह किसी तरह का नुकसान पहुंचाए तो विभाग को सूचित करें।

इस मामले पर डीएफओ एविन बेनी अब्राहम ने बताया कि बाघ के होने की सूचना मिली है, कई जगहों पर उसके पदचिह्न भी मिले हैं और मारे गए मवेशियों को देखने के बाद साफ है कि उसे बाघ ने ही मारा है। कुछ जगहों से उसका मल भी मिला है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। विभाग को अभी यह नहीं पता है कि बाघ कहां से आया है।

## भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**गुमला :** गुमला भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चल रहा है , इस निमित्त आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद के नेतृत्व में कार्तिक उरांव कॉलेज गेट के समीप सदस्यता अभियान चलाया गया भारतीय जनता पार्टी के विचार और संस्कार तथा माननीय नरेंद्र मोदी जी से प्रभावित होकर कॉलेज के लगभग 180 छात्र-छात्राओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की ! संदीप प्रसाद ने आग्रह करते हुए छात्र-छात्राओं से कहा आज आपको भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई जा रही है आगे चलकर आप ही सक्रिय राजनीति में आकर देश और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ! मोदी जी के सकारात्मक सोच का परिणाम ही है कि आज हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी उनकी योग्यता के अनुसार सुनिश्चित की जा रही है! आने वाले दिनों में संगठन की बागडोर भी युवाओं के हाथ में ही सौंपी जाएगी ! सदस्यता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी अन्य युवक युवतियों को भाजपा से जोड़ने का आग्रह किया गया ! मौके पर पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ,निर्मल गोयल, विनोद कुमार, भोला चौधरी, रामावतार भगत ,विकास कुमार सिंह,बालकेशवर सिंह ,खुशी कुमारी, शंकर उरांव ,जयंत कुमार आदि उपस्थित थे।

## जमीन सर्वेक्षण के लिए पहुंचे लोगों का ग्रामीणों ने किया विरोध

### डीवीसी चेयरमैन और रेलवे के अधिकारियों को लौटना पड़ा वापस

मेट्रो रेज संवाददाता



**कोडरमाः** जिले के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत हरली चौक के पास रेलवे लाइन का भूमि सर्वेक्षण होना है, जिसके लिए डीवीसी के चेयरमैन व रेलवे के अधिकारी यहां पहुंचे, मगर उनको ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए डीवीसी व रेलवे के अधिकारियों को बगैर भूमि निरीक्षण किए वापस लौटना पड़ा।

इधर मामले की जानकारी मिलने पर बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के समर्थन में डीवीसी के अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई। जानकी यादव ने कहा कि डीवीसी को ग्रामीणों ने पहले ही काफी जमीन दे रखी है और बदले में यहां के लोग धूल फांक रहे हैं और प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण से ग्रसित हैं। अब डीवीसी को एक इंच भी जमीन नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि डीवीसी 1600 मेगावाट का विस्तारीकरण करने जा रहा है। अगर उसने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं की तो पूर्व से उत्पादित 1000 मेगावाट पर भी हम रोक लगा देंगे। दूसरी ओर ग्रामीणों ने कहा कि डीवीसी का जब मन होता है तब पुलिस बल के सहारे ग्रामीणों को परेशान करने चली आती है।

बताते चलें कि केटीपीएस में फिलहाल 1 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है और 8-8 सौ मेगावाट की दो यूनिट की जल्द ही शुरूआत होने वाली है, जिसको लेकर रेलवे के द्वारा प्लांट के अंदर कोयला ले जाने हेतु पिपराडीह रेलवे स्टेशन से एक नई रेल लाइन का निर्माण किए जाने की तैयारी है।

फिलहाल हीरोडीह स्टेशन से एक रेलवे लाइन के जरिए प्लांट के अंदर कोयला पहुंचाने का कार्य जारी है। ऐसे में पिपराडीह रेलवे स्टेशन से एक नई रेल लाइन के निर्माण का स्थानीय ग्रामीण विरोध कर रहे हैं क्योंकि इसमें उनकी जमीन जाने का खतरा है।